● जयपुर, गुरुवार, 26 अक्टूबर 023 ● वर्ष 01 ● अंक 72 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

'मनुष्य'– केवल 'मनुष्य' ही हमें चाहिए, फिर हर एक वस्तु हमें प्राप्त हो जाएगी। हमें चाहिए केवल हढ़ तेजस्वी, आत्मविश्वासी तरुण झ ठीक ठीक सच्चे हृदयवाले युवक। यदि सौ भी ऐसे व्यक्ति हमें मिल जाएँ, तो संसारआन्दोलित हो उठेगा झ उसमें विशाल परिवर्तन हो जाएगा।

● स्वामी विवेकानंद



पेज @3 नशेरूपी रावण को जड़ से खत्म करने के लिए हमें ...

पेज @5 महिला अत्याचार पर एक शब्द नहीं बोली प्रियंका वाड्रा: अल्का...

पेज @7 सामाजिक परिवर्तन के लिए ज्ञान-शिक्षा प्रभावशाली ...

### कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने झुंझुनूं के अरड़ावता में जनसभा को किया संबोधित

# मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के पास देश को विकास की गति देने का कोई विजन नहीं है : प्रियंका गांधी

## महिलाओं को देंगे 10,000 की सालाना सम्मान राशि एवं सभी को 500 रुपयें में सिलेंडर : गहलोत

**चमकता राजस्थान। जयपुर**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सब कुछ अपने उद्योगपति मित्रों को दे दिया। किसानों के लिए काला कानून लाए, फिर उसे वापस की लिया, लेकिन तब लिया, जब चुनाव आए किसान सर्दी में धरने पर बैठे रहे, तब बात नहीं की वास्तव में देश को चलाने के लिए है। मोदी सरकार के पास कोई विजन नहीं हैं। इस सरकार में गरीबों की सुनवाई नहीं होती। राजस्थान विधानसभा चुनाव हैं, 2023 में कांग्रेस के मिशन रिपीट अभियान को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को झुंझुनूं के अरड़ावता जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपका वोट मांगने नहीं, आपकी जागरूकता मांगने आई है। नेता के पास विजन होना चाहिए। जनता नेता से उम्मीद करती है। प्रियंका ने किसान आंदोलन, ईआरसीपी, बेरोजगारी, अग्निवीर स्कीम समेत कई मुद्दों को लेकर पीएम मोदी को आड़े हाथों लिया।








## प्रियंका ने किया शीशराम ओला की प्रतिमा का अनावरण

प्रियंका ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मश्री शीशराम ओला की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद वे अपने पिता राजीव गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईआरसीपी को लेकर कहा कि यह स्कीम 13 जिलों के लिए जीवनदायिनी है, लेकिन इस पर मोदी सरकार ने वादा खिलाफी की है। अग्निवीर स्कीम को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार 4 साल के लिए सेना में भर्ती को लेकर अग्निवीर स्कीम लेकर आई युवाओं को सेना में भर्ती की उम्मीदों के बदले चार साल की यह स्कीम मिली है। चार साल बाद घर वापस आ जाएंगे। आजकल जो नौजवान मिलते हैं वह कहते हैं कि हम भर्ती नहीं होना चाहते हैं। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर कहा कि मोदी सरकार के पास बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने, खुद के लिए हवाई जहाज खरीदने और नए संसद भवन के लिए पैसे किसान और ओपीएस के लिए पैसे नहीं है। देश में वर्तमान में बीते 45 साल की सबसे ज्यादा बेरोजगारी हैं।

धर्म के बूते वोट लेने की कोशिश प्रियंका ने कहा कि जो धर्म की राजनीति चलाते हैं,उनकी जवाबदेही खत्म हो गई है। वे समझ गए हैं कि काम करने की जरूरत नहीं है, धर्म-जाति का नाम लो और वोट बटोर लो। इस सिलसिले को हटाना होगा। देवनारायण मंदिर का जिक्र करते हुए प्रियंका ने कहा कि पीएम ने मंदिर में 21 रुपए का लिफाफा डाला। ऐसी ही इनकी योजनाएं हैं। मैं तो समझ गई हूं कि मोदी का लिफाफा खाली है। इनके वादे और घोषणाएं खोखली है। प्रियंका ने कहा कि मोदी आकर कहते हैं कि मुझे वोट दो, लेकिन क्या वे सीएम बनेंगे?

### ● महिलाओं को देंगे 10,000 सम्मान राशि: सभी को 500 रु में सिलेंडर : गहलोत

गहलोत ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने की कांग्रेस ने ही शुरुआत की थी। आखिर में बीजेपी को झुकना पड़ा और महिलाओं को आरक्षण का बिल लाना पड़ा। महिलाओं को कांग्रेस मजबूत किया। भाजपा का राजस्थान में हिंदुत्व का मुद्दा चलने वाला नहीं है। हम विपक्ष की भी इज्जत करते हैं, क्योंकि लोकतंत्र है। भाजपा के लोग विपक्ष से नफरत करते हैं, यह सत्ता में बैठने के लायक लोग नहीं हैं रैली में दो बड़े चुनावी वादे किए। प्रियंका की मंच पर मौजूदगी के बीच सीएम अशोक गहलोत ने सभी को 500 रुपए में गैस सिलेंडर और महिलाओं को सालाना 10,000 रुपए सम्मान राशि के रूप में देने का ऐलान मेंटे किया। गहलोत ने चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सरकार बनने पर दो या तीन किस्तों में महिलाओं को यह सम्मान राशि देने की बात कही। वहीं, कांग्रेस ने यह भी वादा किया कि अभी तक प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है। अब यह 1 करोड़ से अधिक परिवारों को दिया जाएगा।

### ● कांग्रेस का भी बढ़ रहा कुनबा: प्रियंका गांधी की मौजूदगी में ग्रहण की पार्टी सदस्यता

» अब कांग्रेस की हुई शोभा, विकास और ममता भी 'घर' लौटे

झुंझुंनू जिले में बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की उपस्थिति में भाजपा से निष्काषित धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा और किशनगढ़ से 2018 में भाजपा के प्रत्याशी रह चुके विकास चौधरी इस बार टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस में शामिल हो गए।

वहीं पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं ममता शर्मा की कांग्रेस में घर वापसी हो गई। कांग्रेस के कुनबे में शामिल हुई ममता शर्मा पहले भी पार्टी के टिकट पर विधायक और कांग्रेस सरकार के समय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकीं हैं ।लगातार दो चुनाव हारने के चलते 2018 में जब उनका टिकट कटा तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और पीपल्दा से चुनाव लडा लेकिन यहां भी उनको हार की मुकी खानी पड़ी थी

### ● सभा से पहले सीएम गहलोत का सोशल मीडिया पर संदेश

प्रियंका की सभा में सीएम गहलोत ने चुनावों से पहले कांग्रेस को रिपीट करवाने को लेकर मास्टर स्ट्रोक खेला गहलोत ने प्रियंका की सभा से पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आ''ान किया था कि प्रदेश की महिलाएं झुंझुनूं की सभा को ध्यान से सुनें प्रियका गांधी महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा करने वाली है। सीएम ने लिखा कि जो महिलाएं सभा में नहीं पहुंच पाई, वे अपने मोबाइल पर फेसबुक और यूट्यूब पर प्रियंका के संबोधन को सुनें।

### ● किसानों के लिए काले कानून लाई भाजपा: पायलट

» सभा को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपने संबोधन केंद्र सरकार को आहे हाथों लिया। पायलट ने कहा कि केंद्र की सरकार किसानों के ड्ड लिए तीन काले कानून लेकर आई थी। उन तीनों कानूनों का देशभर में विरोध हुआ। देश के किसानों ने काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। पायलट ने कहा कि किसानों के सामने केन्द्र सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कह कि हाथ का निशान ही कांग्रेस की पहचान हैं।

### ● भाजपा से बदला लेने का समय आ गया: डोटासरा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी सभा में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने बेहतरीन काम किया है। प्रदेश के विकास.मैं सीएम अशोक गहलोत ने कोई कसर नहीं छोड़ी। डोटासरा ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी पार्टी है, जिसने केंद्र की सत्ता में रहते हुए तीन काले कानून बनाए थे। अब 25 नवंबर को बीजेपी से बदला लेने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि 700 से ज्यादा किसानों की शहादत नहीं जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस है तो किसान है। कांग्रेस और किसानों का चोली-दामन का साथ है।

**फास्ट टेक**

### श्रद्धालुओं की टैक्सी गहरी खाई में गिरी, ड्राइवर समेत छह लोगों की मौत

**पिथौरागढ़/एजेंसी।** पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील के लखनपुर इलाके के पांगला में बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में आदि कैलाश दर्शन से लौट रही टैक्सी गहरी खाई में गिर गई। टैक्सी में ड्राइवर समेत छह लोग सवार थे, जिनकी मौत हो गई है। पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम देर रात तक सभी यात्रियों की तलाश में लगी रही, लेकिन भारी बारिश और लैंडस्लाइड के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा। बुधवार सुबह से एसडीईआरएफ की टीम दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा से शुरू कर दी है। यह हादसा धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर लखनपुर के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि टैक्सी अचानक अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरी। बोलेरो कार में बेंगलुरू के लोग सवार थे। पिथौरागढ़ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे थे।

### किसानों को मोदी सरकार ने दी राहत

## खाद में मिलती रहेगी सब्सिडी यूरिया की नहीं बढ़ेगी कीमत

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज यानी बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें किसानों के लिए कई बड़े फैसले लिए गए. मोदी कैबिनेट की बैठक के दौरान हुए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार ने फैसला लिया है कि किसानों को खाद में सब्सिडी मिलती रहेगी और खाद की कीमतों पर सरकार किसी तरह का असर नहीं होने देगी.

कैबिनेट बैठक के फैसले को ब्रीफ करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें निर्णय हुआ फर्टिलाइजर यानी कि खाद की कीमतों का असर नहीं होने दिया जाएगा. एनबीएस के तहत किसानों को खाद रिहायती दामों पर मिलते रहेंगे और यूरिया का एक भी पैसा नहीं बढ़ेगा. इसके



अलावा, मोदी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दी. अनुराग ठाकुर ने बताया कि इससे उत्तराखंड और यूपी को लाभ मिलेगा. सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि एक बार फिर किसान हितैषी सरकार ने निर्णय लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती हुई कीमत का असर देश में किसानों पर नहीं पड़ने देंगे. रबी सत्र के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी प्रदान की जाएगी. वर्ष 2021 से ही सब्सिडी की दर को इस प्रकार निर्धारित किया जाता है कि किसानों पर बढ़ती कीमतों का भार ना पड़े. किसानों को एक रुपया भी ज्यादा देना नहीं पड़ेगा. उन्होंने आगे कहा कि यूरिया पर एक रुपया दाम नहीं बढ़ेगा और डीएपी 45 रुपए प्रति बोरी कम पर मिलेगा. यूरिया, ऊअढ पहले की कीमत पर मिलता रहेगा.

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, 'रबी सीजन के लिए 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक सब्सिडी इस प्रकार होगी. नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी. और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी. सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ती हैं, तो सरकार नहीं चाहती कि इसका असर देश के हमारे किसानों पर पड़ेड्ड डीएपी पर सब्सिडी 4500 रुपये प्रति टन जारी रहेगी. जहां तक बात है डीएपी पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी मिलेगी. एनपीके 1470 रुपये प्रति बोरी की कीमत पर मिलेगी.'

### महाकाल की नगरी से पीएम मोदी 30 को करेंगे चुनावी शंखनांद



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन आ रहे हैं। आचार सहिंता के बाद उनका यह पहला दौरा है। इसी वक्त पीएम यहीं से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा मालवा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होगी। 15 दिनों तक बीजेपी का प्रचार अभियान धुआंधार चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। प्रदेश में दिग्गज नेताओं के दौरे भी तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के उज्जैन आएंगे। जहां वे बाबा महाकाल की नगर में जनसभा करेंगे।प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद पीएम मोदी पहली बार मध्य प्रदेश में चुनावी सभा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने किया क्षेत्र का दौरा



**चमकता राजस्थान/बाप (कविकान्त खत्री)।** फलोदी विधायक मास्टर पब्बाराम बिश्नोई बुधवार को बाप क्षेत्र के दौरे पर रहे। जीएसएस कानसिंह की सिडा चेयरमैन कृष्णपाल सिंह भाटी ने बताया की विधायक विश्नोई ने कानसिंह की सिडा में आयोजित विभिन्न शोकसभाओ में शिरकत करते हुए शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। इसके अलावा बाप में भाजपा युवा नेता मनोज लोहिया के नवीन प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में भी विधायक बिश्नोई ने शिरकत की।

### सरकारी अध्यापिका ने आंगनवाड़ी केन्द्र में मनाया अपनी बेटी का जन्मदिन

- **केंद्र के बालक बालिकाओं को वितरित की सहायक पाठ्य सामग्री**




**चमकता राजस्थान/बाप(कविकान्त खत्री)।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय तेलियो की ढाणी (बाप) में कार्यरत अध्यापिका सरिता ने बुधवार को अपनी बेटी संचिता का जन्मदिन आंगनवाड़ी केंद्र तेलियो की ढाणी पर मनाया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमासिंह ने बताया की सरिता प्राथमिक स्कूल में टीचर है, पर उंन्होने अपनी बेटी का नामांकन आंगनवाड़ी पाठशाला में करवाया है।अपनी बेटी का जन्म दिन आंगनवाड़ी पर नामांकित बच्चों के साथ मनाया।सहायिका मैना खातु ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बच्चों में उत्साह बढेगा। कार्यकर्ता हेमा सिंह ने संचिता का मुंह मीठा करवाया तथा स्वस्थ रहने व दीर्घायु की कामना की। अध्यापिका सरिता ने आंगनबाडी में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर अच्छा संदेश दिया। सरिता ने सभी से अपने छोटे बच्चों का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की अपील की। इस मौके मदीना, गुलसन, अविता, रुखसाना, इदरीस, रिजवाना, अरवेश आदि उपस्थित थे।

### बीएसएफ एवं पुलिस-प्रशासन ने निकाला संयुक्त फ्लैग मार्च



**चमकता राजस्थान/बाप(कविकान्त खत्री)।** विधानसभा चुनाव 2023 को मध्यनजर रखते हुए बुधवार को नोख में पुलिस व बीएसएफ के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीएम बाप मांगीलाल सुथार, डीवाईएसपी रामकरणसिह मलिण्डा, नोख थाना अधिकारी मनोज कुमार, नायक तहसीलदार रामेश्वर लाल मेघवाल मय जाब्ता द्वारा नोख, जोगियों का धोरा, बोड़ाना में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस व प्रशासन द्वारा शांतिपुर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए ग्राम क्षेत्रों में विजिट की गई तथा उपस्थित ग्रामीणजनों एंव मतदाताओं से वार्ता कर निर्भिक होकर मतदान करने के संबंध में विश्वास दिलाया। साथ ही मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।

# नशेरूपी रावण को जड़ से खत्म करने के लिए हमें लेना होगा संकल्प : पठान

## सुख सेवा संस्थान ने 21 फिट के रावण के दहन से मनाया दशहरा पर्व

- **इलाजरत मरीजों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

चितौड़गढ़।

सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र चितौड़गढ़ द्वारा दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चित्तौड़गढ़ की फतेह विहार कॉलोनी में मंगलवार को संस्थान के प्रांगण में 21 फिट के रावण का दहन संस्थान केपदाधिकारियों द्वारा किया गया। इलाजरत मरीजों के मध्य संस्थान अध्यक्ष ग×फ्×फार पठान ने इस अवसर पर कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई है और नशेरूपी रावण को जड़






से खत्म करने के लिए हमें संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि रावण का दहन करने का मतलब है कि देश और समाज में फैले नशे की बुराइयों का दहन करना, नशे से हर वर्ष लाखों मौते होती हैं, नशे की लत में इंसान अपना घर, परिवार, ईमान, धर्म सब भूल जाता है, ज्यादातर अपराध नशे की वजह से ही होते हैं।संस्थान का मुख्य उद्देश्य नशे से हमे अपने देश और युवा पीढ़ी को बचाना, तभी हमारे समाज व देश का भविष्य सुरक्षित होगा।

- **राम जी की निकली सवारी... कलाकार चेचानी के भजनों ने किया आनन्दित**

इस आयोजन में संस्थान मीडिया प्रभारी व कलाकार अमित कुमार चेचानी ने राम जी की निकली सवारी व मंगलभवन अमंगलहारी जैसे भक्ति गीत गाये और मंत्रमुग्ध किया और सभी इलाजरत मरीजों ने जय जय श्री राम, हर - हर महादेव उद्घोष भी लगवाये।

संस्थान काउंसलर प्रभात शर्मा ने कहा कि आज के समाज में सबसे ज्यादा कोई बुरी चीज है तो वह नशा है और संस्थान नशामुक्त समाज व नशामुक्त देश बनाने के इस अभियान पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर इलाजरत मरीजों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में संस्थान के शोएब पठान, कुलदीप सिंह राठौड़, जीतेन्द्र तोमर, कन्हैया लाल, दिलखुश शर्मा, लक्की पठान आदि स्टॉफ का सहयोग रहा। इस आयोजन में फतह विहार के कॉलोनीवासी भी उपस्थित रहे।

## शप्तचंडीय महायज्ञ और रामचरितमानस पाठ का समापन

चमकता राजस्थान

हिंडौन (रामदास तरुण) हिंडौन चिनायटा स्थित मॉ चामुंडा माता मंदिर पर शप्तचंडीय महायज्ञ और रामचरितमानस पाठ के समापन पर ग्रामीणों के लिए आयोजित भंडारे में मंगलवार को अद्भुत नजारा देखने को मिला। भंडारे में करीब 50 हजार लोगों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। मंदिर के महंत बाबा रामलला दास ने बताया कि मंदिर परिसर में कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूप आचार्य की ओर से राम कथा का वाचन किया गया जिसमें भगवान श्री राम की कथा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह 11 बजे से ही ग्रामीणों को पंगत में बैठकर भोजन शुरू कराया गया। इससे पूर्व कन्याओं का पूजन किया गया।

- **भंडारे की खासियत**

**50 हजार से अधिक लोगों ने भंडारे में पाई प्रसादी 3 वर्ष 3 माह से चल रहा है अखंड रामायण का पाठ**




भोजन के रूप में खीर पुआ व मिक्स सब्जी बनाई गई। जिसमें 3700 किलो दूध की खीर बनाई गई वहीं 150 क्विंटल यानी 15 हजार किलो आटे से पुआ का प्रसाद बनाया गया। हजारों लोगों की प्रसादी वितरण में 500 से अधिक विभिन्न गांवों के स्वयंसेवक सेवा दे रहे हैं। वही 150 हलवाइयों के द्वारा 30 से अधिक भट्टियों पर भोजन बनाया गया। जयकारों के साथ गांव में उत्साह का माहौल नजर आया। हिंडौन, सूरौठ, जटनंगला, शेरपुर, ढिंढोरा, खेड़ी हैवत सहित कई गांवों के लोगों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की

- **।3 वर्ष 3 माह से अखंड रामायण का चल रहा पाठ**

यहां श्री रामचरित मानस पाठ 3 वर्ष 3 माह से अखंड रूप में जारी है। चिनायटा गांव के 250 घरों ने यह जिम्मेदारी ली। जिसमें 5 दिन गांव के 5 व्यक्ति रामायण पाठ करेंगे। इस हिसाब से 1250 व्यक्तियों द्वारा रामायण पाठ का वाचन किया गया। ग्रामीण आपसी सहमति से पांच जनों को जिम्मेदारी देते हैं।

## बाडी उपखंड में दिन दहाड़े एक व्यापारी से ठगी



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण )।** धौलपुर के बाड़ी उपखंड में दिन दहाड़े एक व्यापारी से ठगी हुई है क्राइम ब्रांच के अधिकारी बन कर दिया अपराधियों ने घटना को अंजाम, सराफा बाजार निवासी व्यवसायी हरिशंकर मंगल से 5 तोले की सोने की सीतारानी की ठगी आज बुधवार होने के कारण बाजार था बन्द होने के कारण अपनी दुकान के आगे बैठा हुआ व्यापारी एक युवक आया व्यापरी के पास और बोला हम क्राइम ब्रांच से है साहब बुला रहे हैयह कहकर दूर ले गया वहां पर बाइक पर एक आदमी खड़ा था जिसने बताया मै क्राइम ब्रांच से हूं,व्यापरी के बैग को किया चैक, जिसमे सोने चांदी के आभूषण और 50000 की रखी थी राशि जब घर पहुचने पर व्यापारी ने बैग में रखा सामान देखा तो गायब मिला 5 तोले की सीतारानी, पीडीत ने बाडी पुलिस कोतवाली थाने पर जा कर कराया मामला दर्ज, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा मामला दर्ज कर लिया है ,पुलिस जुटी जांच में , अपराधियों की तलाश की जा रही है ,पुलिस चैक कर रही है सीसीटीवी कैमरा, इस घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

## देवबन बाबा धाम नोख पर कार्यक्रम आयोजित

चमकता राजस्थान



बाप(कविकान्त खत्री)बाप क्षेत्र के नोख गांव में देवबन बाबा की जीवित समाधि पर 500 वर्ष से चली आ रही परम्परा आज भी कायम है। नोख के बड़े बुजुर्ग बताते हैं की आज से 500 वर्ष पहले देवबन बाबा पाकिस्तान के सिंघ प्रांत से नोख पहुंचे। देवबन बाबा के गुरु शीतलबन ने उन्हें बताया की नोख गांव में एक चेतन धुणा आपको मिलेगा। वहां के निवासियों पर संकट हैं, उन्हें संकट से बाहर निकालना है। तब देवबन महाराज नोख पहुंचे और सैन समाज के मुकनाराम नाई बाबा को उस घुणे तक ले गए। वहां पर रहस्य धुणा दिखाई दिया। जब से आज तक देवबन नगरी नोख में हर साल की भाँति पवित्र धार का आयोजन होता है। जिसमे गांव के युवा अखंड ज्योत को लेकर गाँव के चारों तरफ़ दस किलोमीटर दायरे मै दूध की धार लगाते है। बुजुर्गों का ऐसा मानना है कि यह धार ग्रामीणों के लिए हमेशा सुखमय रहती है।

प्राचीन समय से ही ऐसी मान्यता हैं। की उक्त धार से गाँव में सुख, समृद्धि का आगमन व नकारात्मक ऊर्जा का विनाश होता हैं। यह धार गांव के चारों तरफ़ लगाकर वापस देवबन बाबा की धाम पर समाप्त होती। उसके बाद रात्रि को जागरण हुआ तथा महंत संतोषबन के आशीर्वाद के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।महिलाओ ने मंगल गान गाकर पुष्प वर्षा की। धार के दौरान युवा बुजुर्गों बच्चों में जोश अलग से ही झलका।ग्रामीण भूर सिंह जसोड़ ने बताया कि ऐसी परंपरा बरसों से चली आ रही है। गांव के सभी कुओं में खारा पानी था। बाबा जी ने अपने चमत्कार से उस पानी को मीठा किया। समाजसेवी युवा जेठाराम राईका ने बताया की जब धार का आयोजन होता है तो युवा वर्ग में काफी उमंग और जोश के साथ देवबन बाबा के जयकारों के साथ धार का आयोजन किया जाता है।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का झुंझुनू दौरा किशनगढ़ भाजपा पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस में शामिल

**चमकता राजस्थान/अज़मेर (रघुनंदन पारीक)।** आमसभा में राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट सहित राजस्थान सरकार के कई मंत्री एवं विधायक उपस्थित प्रियंका गांधी की अरड़ावता सभा में बीजेपी से कई नेता कांग्रेस में शामिल, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा, धौलपुर से बीजेपी की विधायक शोभारानी कुशवाहा, किशनगढ़ से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके विकास चौधरी कांग्रेस में शामिल



## विधायक सुरेश टांक ने आज अराई ब्लॉक में किया जनसंपर्क



**चमकता राजस्थान/अराई!(शंकर शर्मा)।** किशनगढ़ विधायक।सुरेश टांक विगत दिवस अराई ब्लॉक में दौरे पर आए तथा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता से मिलकर जनसप्रक किया एवम सभी से खुशहाली की जानकारी ली उनकी परी वेदनाओं को सुनकर राहत दिलाने का प्रयास किया आकोडिया की ढाणी में एक कार्यक्रम भी लिया वहां पर प्रतिवर्ष दशहरे पर तेजाजी महाराज के भरने वाले मेले भी भाग लिया आकोडिया में टांक का भव्य स्वागत किया गया बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही जिसमे सरपंच मीरां देवी एवम सामाजिक कार्यकर्ता करतार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे विधायक ने छोटा लाम्बा, चौसला सहित अन्य गांवों में भी जनसंपर्क किया जहां लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। टांक ने कहा कि मेरा मकसद लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिलाने में रहा जो भी कार्य आपने बताए उसे मेने पूरा करने का हर संभव प्रयास किया आप भी पूर्व की भांति स्नेह देते रहे।

## विधानसभा आम चुनाव 2023 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग ने सुविधा पोर्टल किया सृजित

**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग द्वारा सुविधा पोर्टल सृजित किया गया है।रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) ललित मीना ने सूचना जारी करते हुए कहा संभावित प्रत्याशी/अभ्यर्थी उक्त पोर्टल पर कार्यक्रम/रैली/आयोजन/जन सम्पर्क/सभा/बैठक आदि करने हेतु ऑनलाइन आवेदन मय सलंगन दस्तावेज के करावे। प्रार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के 24 घंटे में संबंधित अधिकारियों से जांच रिपोर्ट करवाई जाकर कार्यक्रम, आयोजन की अनुमति नियमानुसार अधोहस्ताक्षर कर्ता द्वारा जारी की जावेगी। बिना अधोहस्ताक्षर कर्ता की अनुमति के किसी भी प्रत्याशी द्वारा विधानसभा क्षेत्र वैर में निर्वाचन संबंधित गतिविधियों तथा कार्यक्रम, रैली, आयोजन जनसंपर्क, सभा, बैठक आदि नही की जावे। आदर्श आचार संहिता एवं धारा 144 के उल्लघंन करने पर जिला मजिस्ट्रेट भरतपुर एवं निर्वाचन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार कार्यवाही की जावेगी

## वैर विधानसभा के मतदाता बोले

# रण छोड़ने वाला नहीं चाहिए विधायक

**जाति व धर्मवाद से नही जीता जाता चुनाव**

चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) वैर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विद्यायक भजन लाल जाटव और भाजपा ने पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को उम्मीदवार घोषित कर दिया है,जबकि बसपा,आप आदि ने अभी तक कोई भी उम्मीदवार घोषित नही किए हैं। भाजपा के उम्मीदवार बहादुर सिंह कोली के खिलाफ भाजपा महिला नेता एव नावली की सरपंच कोमल महावर ने बगावत करके क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए मतदाताओं से जनसंपर्क शुरू कर दिया और भाजपा उम्मीदवार को विधानसभा क्षेत्र का निवासी नहीं होना बताते हुए मैदान छोड़ (रण छोड़) की उपाधि दी।वही क्षेत्र के अनेक मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवार बहादुर सिंह कोली पर धर्म एवं जातिवाद सहित साल 2014 और 2018 में भाजपा के उम्मीदवारों के खिलाफ बगावत करने का भी आरोप लगाए। साल 2014 में हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार गंगाराम कोली के खिलाफ कई प्रकार की असत्य फैला दी, वही 2018 में भाजपा के उम्मीदवार रामस्वरूप कोली को हराने व गैर भाजपा के पक्ष में पर्दा के पीछे से कांग्रेस के भजन लाल जाटव का साथ दिया था। कई मतदाता कहते हैं कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे साल 2023 के चुनाव में साल 2018 के हुए चुनाव में बगावत का भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सबक सिखा सकते हैं। क्षेत्र के हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा की बागी कोमल महावर का साथ देकर क्षेत्र में उसके साथ मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। साथ ही भाजपा के उम्मीदवार की करनी व कथनी के बारे में बताते हुए बाहरी उम्मीदवार व रण छोड़ उम्मीदवार हराओ का नारा देने लगे हैं। पिछले 10 दिवस के अंदर 500 भाजपा कार्यकर्ता भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में व हजारों की संख्या में बागी उम्मीदवार कोमल के साथ जुड़ चुके हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एक जाति और एक धर्म से कोई भी नेता चुनाव नहीं जीत सकता भाजपा के उम्मीदवार बहादुर सिंह कोली ने एक जाति में आपसी मतभेद कर स्वयं के लालच के लिए लडाने का काम कर दिया,जो कई पीढ़ी तक इस समाज में असर डालेगा। चुनाव आयोग के नियम के तहत कोई भी व्यक्ति एवं नेता समाज की दुहाई नहीं दे सकता और ना ही कोई समाज का ठेका ले सकता ना दे सकता। कांग्रेस उम्मीदवार भजन लाल जाटव विकास के नाम पर तीसरी बात भाग्य आजमा रहे हैं जो बाणगंगा नदी को लेकर कहते हैं और उन्होंने मतदाताओं से कह दिया कि पूर्वी राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट और मेरे द्वारा कराए विकास कार्यों को लेकर ही चुनाव लड़ रहा हूं।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार बहादुर सिंह कोली को बयाना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुना उसके बाद वैर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए और उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया को हराया उसके बाद 2013 में वैर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए तब उन्होंने जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओमप्रकाश पहाड़िया को हराया भाजपा प्रत्याशी ने 2013 में विधायक बनने के बाद 2014 में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार डॉक्टर सुरेश यादव को हराया चुनाव जीतने के बाद वैर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए विधायक पद से इस्तीफा दिया जिसका जनता ने भारी विरोध किया 2014 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार भजनलाल जाटव को जिताकर क्षेत्र की जनता ने करारा जवाब दिया क्योंकि उसे समय भाजपा की सरकार थी उसके बाद 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने दूसरी बार सीट जीती ।अब लोगों में चर्चा है कि विधायक की तिकड़ी कौन मारता है







## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से डोडा पोस्त से भरी हुई लग्जरी कार दादिया चौराहे (अराई )पर अनियंत्रित होकर खाई पलटी



**चमकता राजस्थान/ अराई (शंकर शर्मा)।** थाना क्षेत्र में दादिया चौराहे के पास बुधवार प्रात काल सुबह डोडा पोस्त से भरी एक लग्ज़री कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसमे तीन कट्टो में 66 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने कार और डोडा पोस्त ज़ब्त कर लिया है। कार में सवार ड्राइवर एवम कार में सवार तस्कर मौके से फरार हो गए।पुलिस उपअधीक्षक ग्रामीण जरनैल सिंह ने बताया कि अराई थाना क्षेत्र के दादिया चौराहे पर बुधवार अल सुबह एक स्विफ्ट डिजायर कार के अनियंत्रित होकर पलटने की सूचना मिली थी। इस पर थाना पुलिस मे जाप्ता के घटना स्थल पर पहुंची। कार के आस पास कोई नहीं मिला। कार में अवैध रूप से डोडा ले जाया जा रहा था। तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब होते, इससे पहले ही चौराहे के पास जल्द बाजी में होने से कार पलट गई। थाना पुलिस ने कार से 66 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। कार से फरार हुए तस्करो की तलाश की जा रही है। पुलिस ने तस्करों की तलाश करने में कार्य प्रारंभ कर दिया है

### विधान सभा चुनावों में निर्भीक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु किशनगढ़ में पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**चमकता राजस्थान/किशनगढ़ (शंकर शर्मा)।** किशनगढ़, पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल करनिर्भीक होकर मतदान के लिए आमजन को किया प्रेरित कियाविधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च जागरूकता अभियान चलाया गया आमजन को शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया उपखंड अधिकारी राम सिंह गुर्जर सीओ सिटी मनीष शर्मा केनेतृत्व में शहर के मुख्य मार्ग से आज यह फ्लैग मार्च निकाला गया एवम साथ ही निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग की शहर वासियों से की अपील भी की गईफ्लैग मार्च के दौरान सीओ सर्किल थानों की पुलिस सहित क्ळइळ पैरा मिल्ट्री फोर्स के जवान इसमें मौजूद थे शहर के विभिन्न इलाकों में नाकाबंदी प्रभावी ढंग से निरंतर रूप से जारी है शाम को भी शहर के विभिन्न मार्गों से फ्लैग मार्च जागरूकता अभियान के लिए निकाला जाएगा

### अतिक्रमणकारियों को जल्द ही पाबंद किया जाए अन्यथा करेंगे मतदान का बहिष्कार



**चमकता राजस्थान/धौलपुर!( रामदास तरुण)।** धौलपुर के बाड़ी उपखंड में श्री मुक्ति राम सेवा समिति सहित अनेक लोगो द्वारा उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा के माध्यम से जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल को सार्वजनिक मरघट गुहेरा नाले पर अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि सार्वजनिक मरघट गुहेरा नाला जिसकी खसरा संख्या 4701 है तथा वह पांच बीघा 11 विश्वा आकार का धौलपुर रोड पर स्थित है। जिसका रख रखाव एवं देखभाल मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा किया। काश्तकारों व भू-माफियाओं के द्वारा भरत करके नाले के दूसरे किनारे पर मरघट की सरकारी सिवाचक जमीन पर मिटटी डालकर तथा पक्की बाउंड्री बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। साथ ही श्री नागा बाबा पंचम गिरी विद्यालय के पीछे उत्तर दिशा में रास्ता, वो सरकारी है। उस पर भी पक्की दीवाल बनाकर अवरुद्ध कर दिया गया है। समिति के सचिव तथा अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मरघट के दूसरे किनारे का प्रयोग छोटे बच्चो को दफनाने के लिए किया जाता रहा है। जिसको लेकर किला, दमदमा, कायस्थ पाड़ा, हथियापौर सहित कई मोहल्लों के व्यक्तियों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही आक्रोशित लोगो ने चेतावनी भी दी है कि यदि अतिक्रमणकारियों (खसरा न. 4617 व 4618 के काश्तकार) को पाबन्द नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में हम लोग मतदान का बहिष्कार करेंगे।

### अवैध शराब ले जाते हुए एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान।** भुसावर ( राजवीर सिंह) थाना भुसावर पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाही करते हुए एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विजय सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर लाखन सिंह मीणा के निर्देशानुसार सीओ भुसावर सीताराम बेरवा के निकटतम सुपरविजन में विधानसभा आम चुनाव 2023 को मध्य नजर रखते हुए अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाही के लिए थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। मुखबीर सूचना पर एएसआई जवाहरसिंह मय टीम नेशनल हाइवे के गॉव कमालपुरा के पास पहुॅचे जहां एक बाइक को रूकवाया और चैक किया तो प्लास्टिक के कट्टे में अवैध शराब रखी हुई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी गॉव कमालपुरा निवासी 24 बर्षीय बबलेश पुत्र बहादुर जाति गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब के 78 पब्बा जप्त किये गये।



# क्या प्रधानमंत्री अब सीएम बनेंगे : खड़गे

## कहा : निगम - विधानसभा हर चुनाव में लोगों से कहते हैं- मुझे चुनो; मोदी बताएं- कहां से चुनाव लड़ेंगे

चमकता राजस्थान



नई दिल्ली/कर्नाटक । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर चुनाव में लोगों से कहते हैं- मुझे चुनो। क्या वो प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं? वो बताएं कि कहां से चुनाव लड़ेंगे? लोग स्थानीय मुद्दों पर वोट करते हैं। लोग मोदी सरकार में महंगाई- बेरोजगारी से तंग आ चुके हैं। कर्नाटक के कलबुर्गी में जब उनसे सवाल किया गया कि क्या 5 राज्यों के चुनाव 2024 के आम चुनावों का सेमीफाइनल होंगे ? इस पर खड़गे ने कहा- ऐसा नहीं है। हर राज्य के अलग-अलग चुनावी मुद्दे हैं, उन्हीं के हिसाब से वोटिंग होती है। लोकसभा के चुनाव विधानसभा से अलग होते हैं। नगर निगम का चुनाव हो या लोकसभा का हर चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लोगों से खुद को चुनने को कहते हैं। खड़गे ने पूछा- क्या वह खुद सीएम बनने जा रहे हैं? मेरा मानना है कि लोग स्थानीय मुद्दों पर नेताओं को वोट देते हैं। जिन्होंने उनके लिए काम किया लोग उसे वोट करेंगे। खड़गे ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर कहा कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद इस पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस अच्छा काम कर रही है। हम पांचों राज्यों में चुनाव जीतेंगे।

भाजपा से लोग नाराज, गहलोत भूपेश ने अच्छा काम किया कांग्रेस अध्यक्ष से जब पांच राज्यों में चुनाव पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में हम जीतेंगे खड़गे ने कहा- पांच राज्यों में चुनाव का काम अच्छा चल रहा है।

**● पांच राज्यों में 27 दिन चलेगी चुनावी प्रक्रिया**

चुनाव आयोग ने पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अक्टूबर को तारीखों का ऐलान किया था इन राज्यों में चुनावी प्रक्रिया 27 दिन चलेगी। सबसे पहले मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में 7 नवंबर और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। फिर 25 नवंबर को राजस्थान और 30 नवंबर को तेलंगाना में वोट डाले जाएंगे। सभी 5 राज्यों में एक साथ 3 दिसंबर को रिजल्ट आएंगे। मध्य प्रदेश में अभी बीजेपी सत्ता में है, तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है।

## व्यापार महासंघ के शिष्टमंडल ने यातायात संबंधी समस्याओं के निदान हेतु यातायात एस पी प्रहलाद कृष्णया के साथ परिचर्चा की

चमकता राजस्थान



जयपुर( खलील कुरैशी)। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने बताया कि जयपुर व्यापार महासंघ के शिष्टमंडल ने विभिन्न बाज़ारों में यातायात संबंधी समस्याओं के निदान हेतु जयपुर यातायात एस पी प्रहलाद कृष्णया के साथ यादगार सभागार एम आई रोड पर मिटिंग में चर्चा की व उन्हें बाज़ारों में आ रही यातायात संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया बाज़ारों में रोड कट बंद कर दिए गए हैं उनके दुबारा समीक्षा करके यातायात को सुगम प्रवाह के लिए जहां जरूरी हो उन रोड कट को पुनः खोला जाए, ई-रिक्शा की बहुतायत के कारण बाजारों में हमेशा ट्रैफिक जाम को स्थिति बनी रहती है अतः इस समस्या का समाधान किया जाए, बाज़ारों में कई गाड़ियां स्थाई रूप से खड़ी रहती है जहाँ पर पार्किंग व्यवस्था चालू की गई है वहां पर 2 घंटे से अधिक कोई भी गाड़ी खड़ी नहीं रहे व 45 डिग्री के कोण में खड़ी की जावे, इस पर यातायात विभाग सख्ती से कार्रवाई करें । व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी ने सुझाव दिया कि पार्किंग क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाए जिससे पार्किंग को पूरा स्थान मिले व यातायात सुविधा जनक ढंग से संचालित हो। मीटिंग में व्यापार महासंघ के सलाहकार राजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रकाश सिंह, निरज लुहाडिया, इन्द्रा बाज़ार के अध्यक्ष कमला आसवनी, चौड़ा रास्ता के महामंत्री विवेक भारद्वाज, खुजाने वालों के रास्ते के अध्यक्ष आनंद राठी, विष्णु शर्मा, दीपक अग्रवाल धर्मेंद्र प्रधान अमित जोशी सईद खान, न्यू सांगानेर रोड के महामंत्री पंकज शर्मा व घनश्याम भूतड़ा तिलक राज कालरा ने भी अपने सुझाव रखे।

### खाटू श्याम की द्वितीय निशान पद यात्रा हुई रवाना।



**चमकता राजस्थान/भुसावर (राजवीर सिंह)।** कस्बा भुसावर के मुण्ड्यारा कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर से खाटूश्याम मन्दिर हलैना के लिए द्वितीय निशान पदयात्रा सैकडों भक्तों के साथ रवाना हुई। भक्त मण्डल के सदस्य पदम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वैर विधानसभा अन्तर्गत आने वाले कस्बा हलैना में विराजमान हलैना नरेश खाटूश्याम बाबा की द्वितीय निशान पदयात्रा कस्बा भुसावर के मुण्ड्यारा स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर से शुरू हुई। जिसे बुजुर्गो द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पदयात्रा में सजाये गये बाबा के रथ की भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई जिसका जगह जगह स्वागत भी भक्तों द्वारा किया गया। पदयात्रा सैकडों भक्तों के साथ कस्बा भुसावर से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए हलैना स्थित खाटूश्याम मन्दिर पहुॅची। जहां जगह जगह भक्तों द्वारा बाबा के भक्तों का जलपान करवाते हुए पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। पदयात्रा में शामिल डीजे पर बज रहे बाबा के भजनों पर पदयात्रियों ने नृत्य कर हाजरी लगायी।

### ट्रैक्टर चढाकर व्यक्ति की हत्या का मामला : सगे भाई ही ने की थी हत्या, गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान/भरतपुर (खलील कुरैशी)25 अक्टूबर।**

जिले के थाना सदर बयाना अंतर्गत गांव अड्डा में एक व्यक्ति की ट्रैक्टर चढ़कर हत्या के मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी दामो उर्फ दामोदर गुर्जर को को गिरफ्तार कर लिया है जो मृतक निरपत गुर्जर का सगा छोटा भाई है।एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बुधवार सुबह 7:45 बजे सूचना मिली कि अड्डा गांव में दो पक्षों में झगड़ा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति की ट्रैक्टर चढ़कर हत्या कर दी गई। इस सूचना पर एसएचओ सदर बयाना जयप्रकाश टीम के साथ तुरंत गांव में पहुंचे। घटनाक्रम के बारे में जानकारी हासिल की। इसी दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सीओ बयाना सहित सहित एसएचओ बयाना, रुदावल व गढ़ीबाजना भी मय जाप्ता के मौके पर पहुंच गये। एसपी कच्छावा ने बताया कि मृतक निरपत गुर्जर पुत्र अतर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष और घायलों को अस्पताल पहुंचा अनुसंधान किया गया। मृतक के भाई दामोदर गुर्जर से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने घटना करना कबूल कर लिया। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर जप्त किया गया। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य परिजन व लोगों की संलिप्तता के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।जांच में सामने आया कि मृतक पक्ष एवं विरोधी पक्ष का स्कूल को जाने वाली आम रास्ते पर निकलने को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था। जिसके चलते बुधवार को दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। बहादुर व जनक पक्ष ने मृतक पक्ष के घर पर आकर मारपीट की। इस झगड़े के तुरंत बाद मृतक पक्ष ने षड्यंत्र रच अपने मुकदमे को मजबूत बनाने व दूसरे पक्ष को हत्या के मुकदमे फसाने के उद्देश्य से मुलजिम दामों उर्फ दामोदर गुर्जर द्वारा अपने सगे भाई निरपत गुर्जर की ट्रैक्टर से बार-बार कुचलकर हत्या कर दी।

### नसरुद्दीन खान ने की काशीराम आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण



**चमकता राजस्थान।** जयपुर!(खलील कुरैशी। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक हल चलें बढ़ती चली जा रही है इसी बीच कांग्रेस के नसरुद्दीन खान ने कांग्रेस छोड़कर काशीराम आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली और खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार की ओर से कार्यकर्ताओं की कोई अहमियत नहीं है मुझको कांग्रेस छोड़कर काशीराम दी वहीं आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वही प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी प्रदेश संगठन सचिव सचिव आजीद प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह इंदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नसरुद्दीन खान ने आज अपनी सदस्यता ग्रहण की है और जो भी पार्टी की ओर से जो भी आदेश मिलेंगे उनका तत्परता से पालन करेंगे राहुल सोलंकी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, मुकेश व्यास जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, सोनू सागर, कन्हैयालाल, मोहन कमांडो अध्यक्ष भीम आर्मी, राहुल वर्मा, रामू मौर्य विधानसभा राजाखेड़ा अध्यक्ष भीम आर्मी

### भाजपा प्रत्याशी डॉ. कैलाश वर्मा का विजयदशमी के अवसर पर जगह-जगह भव्य स्वागत



**जयपुर!(खलील कुरैशी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बगरू विधानसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी डॉ कैलाश वर्मा ने बुधवार को विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर जनता से आशीर्वाद लिया। बगरू क्षेत्र के दौरे के दौरान डॉ कैलाश वर्मा ने बड़के बालाजी, दहमीं बालाजी, श्री रामदेव गौशाला, जुगल दरबार एवं काली माता मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र की खुशहाली व उन्नति की कामना की तथा दशहरा मेला बगरू, दहमी कलां में शिरकत कर लोगों से आशीर्वाद लिया एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने डॉ वर्मा का गर्म जोशी एवं भारी उत्सव के साथ भव्य स्वागत अभिनन्दन किया एवं महिलाओं ने मंगल गीत गाकर स्नेह आशीर्वाद दिया, साथ ही युवाओं ने कैलाश वर्मा जिंदाबाद के नारे लगाकर समर्थन दिया, इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

## आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को शान्ति पूर्ण एवं भयमुक्त कराने हेतु पुलिस थाना आंगई द्वारा सीआरपीएफ कम्पनी के साथ इलाका थाना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण) जिला धौलपुर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार आईपीएस के द्वारा जिला धौलपुर एवं जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल आईएएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत एडीएफ व एसडीएम साहब सरमथुरा रेखा मीणा आरएएस व वृत्ताधिकारी सरमथुरा रविराज सिंह आरपीएस के साथ सुमेर सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना आंगई मय जाब्ता द्वारा आज दिनांक 25-10-2023 को आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को मध्येनजर रखते हुये चुनाव को शान्तिपूर्ण व मयमुक्त कराने हेतु सीआरपीएफ कम्पनी के साथ ईलाका थाना क्षेत्र के गांव सनौरा, धन्नू का पुरा, फूले का पुरा, टोडपुरा, फागने का पुरा, गडरपुरा, चिलाचाँद, आंगई, चिलाखोर, धौन्ध, विरजा, सुनकई, रहरई में फलेग मार्च किया गया।



# ‘नवाज’ क्यों बन रहे भारत के लिए ‘शरीफ’

नवाज शरीफ वतन लौटकर भारत के लिए शराफत दिखा रहे हैं। कराची की रैली में उन्होंने अच्छे रिश्ते गढ़ने की वकालत की है। ये उनका हृदय परिवर्तन है या इसमें भी कोई खुराफात छुपी है। सवाल ये भी है कि आखिर नवाज भारत के लिए शरीफ क्यों बन रहे हैं। हालांकि, उनकी टिप्पणी पर अभी हमारी हुकूमत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। देने की जरूरत भी नहीं, जल्दबाजी करने की अभी आवश्यकता नहीं। पाकिस्तान राजनीतिक रूप से अपाहिज पड़ा हुआ है। दलदल की ऐसी गहरी खाई में समाया है जहां से निकालकर दोबारा अपने पैरों पर खड़ा करने की कुव्वत फिलहाल पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ में कतई नहीं है? तभी उन्होंने फौज और निर्वासित जीवन जीने वाले अपने बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मध्य एक गुप्त समझौता करवाया। गुप्त समझौते पर जैसे ही मुहर लगी नवाज की वतन वापसी का रास्ता साफ हुआ। वह करीब सवा चार वर्ष का राजनीतिक वनवास काटकर वतन लौटे हैं। ये पहली मर्तबा हुआ है, जब पाकिस्तान ने अपने किसी नेता का निर्वासित जीवन इतनी आसानी से पचाया हो। हो सकता है शायद पाकिस्तान को भी नवाज शरीफ की जरूरत हो। नवाज का वनवास अभी और लंबा खिंचता, अगर उनका फौज के साथ अंदरुनी गठबंधन न हुआ होता? वरना, उनके साथ भी वही होता, जो पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ पूर्व में हुआ था।

यह सौ आने सच है कि पाकिस्तान की सियासत कभी भी फौज के दबदबे से आजाद नहीं हो पाएगी। पिछले चुनाव में नवाज की पार्टी को हराकर पूर्व क्रिकेटर इमरान खान ने अपनी सरकार बनाई थी। इमरान जैसे–जैसे फौज के खिलाफ मुखर हुए, उनकी सत्ता से विदाई की जमीन भी तैयार होती गई। इस कड़वी सच्चाई से नवाज विदेश में बैठे–बैठे और वाकिफ हो गए। तभी, उन्होंने बिना शर्त फौज के आगे घुटने टेक दिए। परवेज मुशर्रफ भी जीते जी निर्वासित जीवन में ही मर गए। अंतिम सांस भी उनको अपने वतन में नसीब नहीं हुई। कमोबेश, कुछ ऐसा ही नवाज शरीफ के साथ भी होता। लेकिन, वह सियासत के बड़े चतुर और माहिर खिलाड़ी हैं। बदली सियासी हवा की नब्ज हो जानते–समझते हैं। वतन से बाहर रहते हुए भी उनके दिमाग में राजनीतिक कीड़ा हर पल चलता रहा और अपनी स्वदेश वापसी की रणनीति पाकिस्तान के बाहर रहते हमेशा बनाते रहे। सर्वविदित है कि पाकिस्तान में बगैर फौज के कोई भी नेता राजनीति नहीं कर सकता। सियासत में फौज के बिना वहां पत्ता तक नहीं हिलता। नवाज शरीफ अपने सियासी और उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके हैं। इसलिए उन्होंने बहुत सोच समझकर फैसला लिया। इसे समझदारी कहें, या घुटने टेकना? फिलहाल राजनीति और राजनेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता, विशेषकर पाकिस्तानियों को, क्योंकि वह छंटे हुए ढीठ और बेशर्म किस्म के होते हैं। बहरहाल, फौज संग गुप्त समझौते के बाद वतन लौटे नवाज शरीफ के समझ चुनौतियां कम नहीं होंगी, भरमार रहेगी। हालांकि उनके लौटने के बाद फौज के इशारों पर पाकिस्तान में लोकतंत्र बहाली की सुगबुगाहट शुरू हुई है। ये सुगबुगाहट पार्टी विशेष के लिए तो फायदेमंद हो सकती है पर, अस्थिर लोकतंत्र को लेकर ज्यादा उम्मीद लगाना अभी बेमानी होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस वक्त अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। भुखमरी, अस्त–व्यस्त कानून व्यवस्था और बेरोजगारी चरम पर फैली हुई है।

पड़ोसी मुल्क में सियासत ने एक बार फिर नई करवट ली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के लिए राजनीतिक मैदान फिर सजा है। सरकार उनके भाई की रही है, इसलिए सामाजिक और सरकारी स्तर पर शरीफ के लिए माहौल बनाया जा रहा है। वतन लौटने के तुरंत बाद उन्होंने सबसे पहले लाहौर में ‘मीनार–ए–पाकिस्तान’ में रैली आयोजित की, जिसमें उमड़ी भीड़ देखकर वह गदगद हुए। भीड़ देखकर उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे पूरा पाकिस्तान उनके लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। 74 वर्ष के हो चुके नवाज शरीफ तीन मर्तबा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे हैं, अब चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश उन्होंने जाहिर की है। बन भी सकते हैं, कोई बड़ी बात नहीं? पिछले चुनाव में उन्हें मात मिली थी। लेकिन पाकिस्तान इस वक्त जहां खड़ा है, वहां से उसे नवाज शरीफ ही निकाल पाएंगे। वहां बेशक हल्की ठंड पड़नी शुरू हो गई हो, लेकिन समूचे मुल्क में राजनीतिक माहौल इस वक्त गर्मा गया है। आम चुनाव भी नजदीक हैं, कुछ ही महीनों में चुनाव होने हैं। इमरान खान का कमजोर पड़ना नवाज शरीफ शरीफ के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। भारत–पाकिस्तान में रिश्ते बातचीत से ही सुधरेंगे? ये सभी जानते हैं, लेकिन अब बातचीत के जरिए रिश्ते सुधारना उतना आसान नहीं होगा, क्योंकि हर बार पाकिस्तान ने भारत का विश्वास तोड़ा है। पर, दोबारा से नवाज ने बातचीत के रूप में भारत के लिए ‘शालीनता’ शब्द का इस्तेमाल किया है, इसका क्या मतलब है? इसको लेकर बहस छिड़ी है। क्या वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सरकार की आलोचना के रूप में कहना चाहते हैं कि पाकिस्तान की पूर्ववर्ती सरकारों ने कश्मीर का मुद्दा ‘शालीनता’ से नहीं छेड़ा था? हालांकि उनकी बातों पर भारत ज्यादा कुछ कहना नहीं चाहता? शरीफ आज भले ही हमारे साथ रिश्ते सुधारने की बात कह रहे हों, लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि 1999 में उन्हीं के प्रधानमंत्री रहते कारगिल में युद्ध हुआ था। एक बात वो और भूले पड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत का एक और बेहतरीन मौका गंवाया था। जब दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू कर भारत ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया तो उसके बाद भी पाकिस्तानी फौज ने हमारी सीमा में घुसपैठ की हरकतें की, उसके बाद बातचीत के तकरीबन रास्ते बंद हो गए।

भारत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज की पाकिस्तान वापसी कितनी महत्त्वपूर्ण है, ये बड़ा सवाल सभी के मन में उठ रहा है। वो तीन मर्तबा अपने मुल्क के प्रधानमंत्री रहे तब दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों की वकालत करते रहे। शनिवार को ‘मीनार–ए–पाकिस्तान’ की रैली में भी उन्होंने कह भी दिया कि नासूर बना कश्मीर का मसला ‘शालीनता’ से सुलझाकर भारत के साथ अच्छे रिश्ते दोबारा से शुरू करेंगे। हालांकि भारत तो हमेशा से इसका पक्षधर रहा है। भारत ने बातचीत के रास्ते कभी बंद नहीं किए, 2014 में जब केंद्र की सत्ता में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का आगमन हुआ तो उन्होंने बड़े मानवीय तरीके से बातचीत को आगे बढ़ाने की अलहदा तस्वीर पेश की थी। बिना आमंत्रण के वह पाकिस्तान पहुंचे थे। जब कि, उनके इस कदम का भारत में जमकर विरोध भी हुआ था। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। फिलहाल नवाज कितनी भी शराफत क्यों न दिखाएं, भारत एकदम विश्वास नहीं करेगा, फूंक–फूंक कर कदम आगे बढ़ाएगा।

# टिकटों पर विरोध से दबाव में भाजपा



रमेश सराफ धमोरा

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फार्मूला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छः लोकसभा सदस्य एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनों नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं। जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज है कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।

राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थी। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को




कब तक सहेंगे। असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता हैं। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है। जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंदियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार–बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार–बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हासिये पर धकेली जा रही थी। सभी राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इस बार के चुनाव में भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थ को तवज्जो नहीं देगा। मगर पहली सूची जारी होने के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए दूसरी सूची में वसुंधरा राजे व उनके करीबन दो दर्जन समर्थकों को टिकट दिया गया है। वसुंधरा राजे को भी उनकी परंपरागत झालरापाटन सीट से ही पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की दूसरी सूची को देख कर लगता है कि भाजपा आलाकमान ने अपने रूख में बदलाव कर लिया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 51 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसके साथ ही इस सूची में 27 सीटें ऐसी हैं जिन पर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई थी। 16 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं।

भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काटे हैं। इसमें सूरसागर से सूर्यकांता व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल, व घाटोल से हरेंद्र नीनामा शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल कर उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दी गई है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ कर जीत चुके हैं। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती व नागौर से कांग्रेस सांसद रही डा. ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की अभी तक जारी की गई सूची को देखकर लगता है कि सबसे अधिक टिकट वसुंधरा समर्थ को दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडीलाल मीणा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थकों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छाप भी दिखाई दे रही है। संघ से जुड़े कई लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की सूची को देखकर लगता है कि भाजपा आलाकमान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। वसुंधरा राजे राजस्थान में भाजपा की मजबूरी बन गई है। वसुंधरा समर्थक उन विधायकों के नाम भी सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर गहलोत सरकार पर आये संकट के दौरान पार्टी लाइन से अलग रहने के आरोप लगे थे। हाड़ौती, मेवाड़ क्षेत्र में वसुंधरा राजे ने अपने ज्यादातर समर्थको के टिकट क्लियर करवा कर भाजपा आलाकमान को झुका कर यह दिखा दिया है कि राजस्थान में वसुंधरा है तो भाजपा है। वसुंधरा के बिना राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना मुश्किल ही नहीं असंभव है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**


# कितने शरीफ हैं नवाज शरीफ



आरके सिन्हा

पिछले करीब चार सालों से लंदन में अपना निर्वासित जीवन बिता रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और मुस्लिम लीग–एन नेता नवाज शरीफ पाकिस्तान लौट आए हैं। वे फिर से अपने देश का प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब लेकर ही स्वदेश लौटे हैं। पाकिस्तान में संसद के लिए नाम–निहाद चुनाव आगामी जनवरी में होने हैं। नाम निहाद इसलिए क्योंकि वहां पर चुनाव कोई भी पार्टी जीते या कोई भी प्रधानमंत्री बने, देश की शक्तियों पर असली कब्जा तो रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में बैठे मोटी तोंद वाले जनरलों के पास ही रहता है। नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा हालात पर चिंता जताई है । उन्होंने कहा कि देश में हालात 2017 की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ गए हैं। यह बात तो सही है कि पाकिस्तान में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। महंगाई, कठमुल्लापन और बेरोजगारी ने देश को तबाह कर दिया है। वहां पर लगातार बम धमाके हो रहे हैं। नवाज शरीफ स्वयं भी एक सड़कछाप किस्म के इंसान हैं। भाग्य की खाते रहे हैं। वे युगदृष्टा तो छोड़िए, प्रखर वक्ता तक नहीं हैं। उनसे बेहतर वक्ता तो बेनजीर भुट्टो और इमरान खान थे।

अगर नवाज शरीफ आगामी चुनाव के बाद प्रधानमंत्री बन भी गए तो देश की किस्मत बदलने वाली नहीं है। पाकिस्तान आज दाने–दाने को मोहताज है। नवाज शरीफ के पुरखे मूलतः कश्मीरी पंडित थे। कोई 125 साल पहले मुसलमान बन गए थे। वे कश्मीर से अमृतसर के पास जट्टी उमरा गांव में जाकर बसे थे। पाकिस्तान के बाकी नेताओं की तरह शरीफ भी घोर भारत विरोधी हैं। बस, उनके नाम के साथ ‘शरीफ’ आना संयोग मात्र ही माना जाएगा। नवाज शरीफ ने तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध (3 मई–26 जुलाई 1999) लड़ा गया था। इस जंग के दौरान एक बार ऐसा भी हुआ जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी ने फोन कर नवाज शरीफ की जमकर क्लास लगाई थी। उन्हें 2016 में उड़ी हमलों के बाद कायदे से अपने देश में चल रहे आंतकी शिविरों को ध्वस्त करना चाहिए था। पर बेशर्मी की हद देखिए, कि वे भारत को ही कोसते रहे। नवाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में उड़ी की घटना के लिए कश्मीर में बुरहान की मौत के बाद पैदा हुए हालातों



को जिम्मेदार घोषित कर दिया। उड़ी हमला 18 सितम्बर 2016 को जम्मू और कश्मीर के उड़ी सेक्टर में एलओसी के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर हुआ था जिसमें 16 जवान शहीद हो गए थे । यह भारतीय सेना पर किया गया, लगभग 20 सालों में सबसे बड़ा हमला था। उड़ी हमले में सीमा पार बैठे आतंकियों का हाथ था। इनकी योजना के तहत ही सेना के कैंप पर फिदायीन हमला किया गया था। हमलावरों के द्वारा निहत्थे और सोते हुए जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की ताकि ज्यादा से ज्यादा जवानों को मारा जा सके। नवाज शरीफ के कुछ मंत्री भी भारत के खिलाफ युद्धोन्माद का माहौल बनाते रहते थे। क्या जिस देश के लाहौर और कराची जैसे शहरों में रोज दस–दस घंटे बिजली न आती हो, जहाँ बेरोजगारी लगातार संक्रामक बीमारी की तरह फैल रही हो और जिधर विदेशी निवेश नाम मात्र के लिये आता हो, वह देश भारत जैसी विश्व शक्ति से लड़ने के लिए कैसे तैयार हो सकता है? नवाज शरीफ सन 2013 में पाकिस्तान के वजीरे आजम की कुर्सी पर फिर से बैठे थे। बावजूद इसके कि नवाज शरीफ और उनके अनुज शाहबाज शरीफ, जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने, पर करप्शन के अनेकों केस थे। शरीफ परिवार के लिए कहा जाता है कि इनके लिए पाकिस्तान ही इनका खानदान है। इनका बड़ा औद्योगिक घराना भी है। ये जनता को झूठे सब्जबाग दिखा कर ही चुनाव जीतते रहे हैं। पाकिस्तान लौटने पर लाहौर में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में है। पर वहां की अर्थव्यवस्था तो तब भी खराब थी जब नवाज शरीफ देश छोड़कर चले गए थे। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कौन से सघन प्रयास किए?

जब नवाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री थे तब वे बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में भी बार–बार हस्तक्षेप करते थे। बांग्लादेश में सन 1970 के बाद ईस्ट पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेनाओं का साथ देने वालों को लगातार दंड दिया जाता रहा है। इन गुनाहगारों ने पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर अपने ही देश के लाखों मासूमों का कत्ल कर दिया था। जब उन गुनाहगारों को फांसी पर लटकाया जाता है, तो शरीफ को बहुत तकलीफ होती है । यानी जिनके हाथ खून से रंगे हैं, उन्हें नवाज शरीफ सरकार समर्थन दे रही थी। नवाज शरीफ ने अपने मुल्क के अल्पसंख्यकों के हक में कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान में सुन्नियों के अलावा सब असुरक्षित हैं। सब मारे जा रहे हैं। शिया, अहमदिया, ईसाई, सिख, हिन्दू भी। लाहौर से लेकर पेशावर तक ईसाई मारे जा रहे हैं। विभिन्न देशों में बसे पाकिस्तानी अपने देश में वापस जाने से पहले दस बार सोचते हैं। नवाज शरीफ दावा करते थे कि इस्लाम और मुल्क के संविधान के मुताबिक, अल्पसंख्यकों को जिंदगी के सभी क्षेत्रों में मुसलमानों के बराबक हक मिलता रहेगा। लेकिन, वे सारे वादे धूल में मिल गए थे। वहां पर गैर–मुसलमानों के लिए सामाजिक दायरा घटता गया। जब नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे, तब ही मुंबई पर हमला हुआ था। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में हाफिज़ सईद और अजहर मसूद जैसे भारत विरोधी आतंकी लाहौर में खुले घूम रहे थे। पर शरीफ चुप रहे। नवाज शरीफ अपने देश के अवाम का मूल मसलों से ध्यान हटाने के लिए ही भारत को किसी न किसी रूप में दोषी ठहराते रहते थे। वे पाकिस्तान में होने वाले बम धमाकों के लिए भारत की खुफिया एजेंसी रॉ को दोष देते रहते थे बिना किसी ठोस सुबूतों के।

नवाज शरीफ तो वास्तव में निहायत एहसान फरामोश शख्स हैं। उनके पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने पर उनके भारत स्थित गांव के लोग खुशी से मिठाइयां बांट रहे थे क उनके अब्बा की तो इच्छा थी कि मृत्यु के बाद उन्हें उसी मिट्टी में दफन किया जाए जिससे उनके परिवार का सदियों पुराना नाता है। पर अफसोस कि उन्हीं का पुत्र अपने पुरखों की देश को क्षति पहुंचाना चाहते थे। यकीन मानिए कि नवाज शरीफ न अपने देश के और न ही भारत के सगे हैं। पर पता नहीं क्यों हमारे यहां ही कुछ ज्ञानी लोग शरीफ को बहुत शरीफ बताते हैं। ऐसे शरीफ का चोला ओढ़े हुये लोगों से सावधान रहना होगा क

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# अहंकार कैसे आपको पीछे धकेलता है?



प्रमोद

हम अपने आसपास ऐसे कई लोगों को देखते हैं, जिनमें प्रतिभा तो बहुत है, उनका ज्ञान, उनकी योजकता, उनके भीतर अनेकों गुणों का समावेश भी है, किन्तु फिर भी बहुत आगे नहीं बढ़ पाते, जहां उन्हें होना चाहिए। वहां तक नहीं पहुंच पाते। इसका एकमात्र कारण है, ऐसे लोगों में अहंकार का एक बड़ा अवगुण विद्यमान होता है। जो आपकी हजार अच्छाइयों को ढक देता है। जो आपको समझता है उसे पता है, किन्तु प्रथमदृष्टा अथवा सामान्य व्यवहार में किसी के आने पर ही अधिकतम लोग आपसे कतराने लगते हैं। आपको लगता है, आप बहुत अच्छे हैं, सबका भला भी सोचते हैं, अपने काम में मस्त हैं। अपने धर्म के अनुरूप यम नियमों का पालन भी करते हैं, किन्तु समाज में आपको यथायोग्य स्थान नहीं मिल पाता है। आपके हजार प्रयासों के बाद भी सफलता आपको नहीं मिल रही होती है। इसका मूल कारण है, आपके व्यवहार में रचा–बसा अहंकार। कई बार आपको पता लगता है, कि आपका अहंकार, आपकी अज्ञानता के कारण लोग आपसे विमुख हो रहे हैं, किसी–किसी को पता ही नहीं चलता कि लोग उससे क्यों कट रहे हैं। अपने भी लोग आपसे दूर होने लगते हैं । कई मनुष्यों को पता भी चल जाता है, किन्तु वह चाह कर भी अपनी बुरी आदत को नहीं छोड़ पाते, आखिर क्यों? आइए समझते हैं : अहंकार क्यों और कैसे होता है– सर्वप्रथम तो हमें कई बार यह वंसानुगत ही मिलता है, अर्थात जिस परिवार में अहं की परिपाटी है, उस परिवार में भी आने वाली पीढ़ी वैसे ही लक्षणों से युक्त होगी, बहुत ही विलक्षण होते हैं ऐसे लोग, जो अपनी इस विसंगति को पहचान जाते हैं, और उससे प्रयास पूर्वक बाहर आ जाते हैं। सच में ऐसे लोग बढ़ भागी हैं, अभिनंदन के पात्र हैं। किन्तु अधिकतम लोग ऐसा नहीं कर पाते,जो जीवन पर्यंत अपनी इस विसंगति से कष्ट भोगते हैं, सब कुछ होते हुए भी अपने लक्ष्यों तक नहीं पहुंच पाते। कुछ लोग अपने आसपास के वातावरण के कारण अहंकार युक्त हो जाते हैं अनेकों मनुष्य अपनी अति महत्वाकांक्षाओं एवं पद एवं सत्ता लोलुपता के कारण, कई लोग आर्थिक समृद्धि की आंधी दौड़ में पागल हो जाते हैं। कई लोग अपनी क्षमताओं से अधिक सपने पाल लेते हैं। अपने जीवन में पर्याप्त अध्यात्म के आभाव में, अपने मन में प्रेम और करुणा के आभाव में, अहंकार से युक्त हो जाते हैं। पद और पैसे के अहम में, अपने चरित्र में सुचिता पूर्वक आगे नहीं बढ़ पाने के आभाव में अधिकांश लोग अहंकार से युक्त हो जाते हैं, और अपने जीवन को बर्बाद कर लेते हैं।

अहंकार को कैसे पहचाने– जब सामने वाले लोग आपकी बातों को महत्व देना कम दें। अपने लोग आपसे अपने मन की बात करने से कतराने लगें। जब आपको लगातार मेहनत करने पर, अनेकों प्रयासों के फलस्वरूप भी अपेक्षित सफलता न मिल पा रही हो। तब आप समझ जाएं, आप कहीं अहंकार से ग्रसित तो नहीं। आपकी बातें बड़बोलेपन



की तो नहीं हैं। आपके व्यवहार पर इसका असर तो नहीं पड़ रहा है। जब आपका मन, आपकी ही बात सहमत न हो, आपकी कही गई बात आपको अंदर से कचोटने लगे, आपके अंतर्मन में बात कहने पर भी संतुष्टि न हो रही हो, आप बात कहने पर भी अंदर से शांत न महसूस करें, तो आप समझ जाइए आप अहंकार से ग्रसित हैं। अहंकार की आंतरिक पहचान यह है, कि आपका मन अशांत रहने लगेगा, आपका मन व्याकुल रहने लगेगा, आप किसी से बात करने पर संतुष्ट महसूस नहीं करेंगे, सामने वाले की बात आपको अच्छी नहीं लगेगी, एक स्थान पर आपका मन नहीं लगेगा, आप अपने मान–सम्मान के लिए, किसी के भावों को भी महत्व नहीं देंगे। अपने पारिवारिक संबंधों में भी आपकी कलुषता बढ़ने लगेगी तब यह स्पष्ट हो जाएगा कि आप अहंकारी हैं।

अहंकार आपको कैसे पीछे धकेलता है– जहां आपका मान–सम्मान नहीं होगा, आप वहाँ नहीं जाएंगे और न वहाँ जाकर अपने आपको सहज महसूस करेंगे। ऐसे स्थानों, आयोजनों में आप अपना प्रभाव छोड़ने की जिद में, अनेकों लोगों को बुरा बना लेंगे। आपके व्यवहार को अनेकों लोग देख रहे होंगे, इनमें ऐसे भी अनेकों लोग होंगे, जिन्हें आप पहचानते तक नहीं, आप अनायास ही उन्हें अपने से दूर कर लेंगे। असल में यह सम्पूर्ण समाज एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था है, जहां आपको कुछ छुपा नहीं है। आप जो हैं, जैसे हैं, जो सोचते हैं, जैसा व्यवहार करते हैं, सब समाज और अपने लोग सभी बहुत गहराई से देख–समझ रहे होते हैं। उनमें से कुछ लोग आपसे कह देंगे, कुछ आपको अहसास करवा देंगे, किन्तु बहुत बड़ा वर्ग ऐसा होगा, जो आपसे कुछ नहीं कहेगा और न आपको कोई संकेत देगा, केवल आपके प्रति धारणा बना लेगा और आपके प्रति बनी हुई धारणा ही आपको समाज में, व्यवस्था में आगे–पीछे करने में महत्वपूर्ण कारण बनती है। जैसी आपके प्रति लोगों की धारणा बनेगी, लोग वैसे ही आपको लेंगे। आपको अपने लोग, जो शायद आपको समझते भी होंगे, शायद आपसे प्रेम भी करते होंगे, आपको बढ़ाना भी चाहेंगे तब भी, आप समाज द्वारा तिरिष्कृत किए जाओगे, अगर किसी कारण से आपको व्यवस्था में आपको पद भी मिल गया तो आप लोगों के हृदयों में स्थान नहीं बना सकोगे और न ही स्वयं उस पद और शक्ति का अपने जीवन में सदुपयोग कर सकोगे।

कैसे छोड़ें, अहंकार–सर्वप्रथम अपने जीवन में अध्यात्म को स्थान दें, अधिकतम मौन करने की वृति बनाएं, यदि आपका बोलने का स्वभाव है तो कर्ण प्रिय एवं हृदय प्रिय वचन बोलें, ऐसा बोलें जिससे किसी का भला हो! अपने जीवन में– अहंकारी, बड़बोले, ईर्ष्यालु और पीठ पीछे किसी की बुराई करने वालों को बिल्कुल स्थान न दें, बल्कि तुरंत हटा दें, दूरी बना लें। अहिंसा और सत्य की अवधारणा पर चलें। बड़ों का सम्मान करें, कमजोर लोगों की सहायता करें, जरूरतमदों को यथासंभव दान करें।

अहंकारी स्वभाव के लोगों के जीवन में अहंकार के कारण हुए नुकसान या उसकी पराजय की कहानियां सुनें या पढ़ें। अपने किसी की मृत्यु हो जाए तो उसकी शवयात्रा में जरूर जाएं। अपने मन की जिज्ञासाएं एवं प्रश्न किसी और से पूछने की बजाय अपने आपसे प्रश्न करें, और हल न मिलने तक उस प्रश्न को अपने जीवन में खड़ा रखें। दिन में कुछ समय में एकांत के लिए जरूर निकालें। किसी भी प्रकार के नशे से बचें। बहुत बड़ी बड़ी योजनाएं बनाने से बचें। जैसा आपको अपने लिए किसी का व्यवहार पसंद है, वैसा ही सामने वाले से व्यवहार करें। अपने जीवन में अध्यात्म, करुणा, प्रेम और वात्सल्य भाव को अधिकतम स्थान दें।

## कैसे बना सकेंगे अहंकार को अपनी शक्ति

आपकी सकारात्मक महत्वाकांक्षाओं के प्रति आपकी अहंकार रूपी सोच को अर्थात अपने भावों को, अपने जीवन के संकल्प बनाओ, क्योंकि हर प्राणी, उस परमपिता का अंश है, सभी के भीतर ईश्वर ने अच्छाई और बुराई दोनों भावों का अंश दिया है, आपके सभी भाव अच्छे हैं, मात्र अहंकार को छोड़कर, अतः आप अपने अहंकार को ही अपनी शक्ति बना सकोगे! इसके लिए आपको यह समझना पड़ेगा? कि आपको यदि अहंकार पनपा है, आपके भीतर अपनी कीर्ति और पद के लिए, तो इसका मतलब है आप स्वाभिमानी हैं! और यही आपके स्वाभिमान का गुण आपको, आपके अहंकार को आपके शुद्ध संकल्पों में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त है।

**(लेखक आध्यात्मिक वक्ता हैं)**

# महिला अत्याचार पर एक शब्द नहीं बोली प्रियंका वाड्राः अल्का गुर्जर

## किसान कर्जमाफी पर राहुल गांधी जैसे झूठ की गारंटी दे गई प्रियंका वाड्राः

### महिला सुरक्षा की भी कोई गारंटी देती तो आबादी को मिलती राहत

जयपुर,!(खलील कुरैशी)25 अक्टूबर 2023।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा के झुंझुनूं में आयोजित सभा के दौरान राज्य की महिलाओं को 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष दिए जाने की गारंटी पर कहा है कि इससे पहले पिछले चुनाव में उनके भाई राहुल गांधी राज्य के किसानों को 10 दिनों में कर्ज माफ किए जाने का वादा कर गए थे जो अब तक अधूरा है और कर्जमाफी के इंतजार में 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि अपने पूरे भाषण में प्रियंका वाड्रा ने राजस्थान में महिला अत्याचार पर एक बार भी बात नहीं की जबकि उन्हें सबसे पहले यहां पर महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए थी। यहां एक 14 वर्षीय बालिका को गैंगरेप के बाद जिंदा ही भट्टी में जला दिया जाता है उस समय प्रियंका गांधी को यहां आकर देखना चाहिए था लेकिन वे नदारद रही।राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं पर बढते अत्याचार और महिला अत्याचार ने राजस्थान को देश में नंबर वन पर लाकर खडा कर दिया है। इसमें भी दलित महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ रही है। यदि प्रियंका वाड्रा राजस्थान आकर अपने मुख्यमंत्री से महिला अत्याचार पर सवाल करती तो ज्यादा अच्छा होता। प्रियंका वाड्रा यदि कोई गारंटी ही देना चाहती है तो राज्य की महिलाओं की इस बात की गारंटी दे कि कांग्रेस के गिनती के बचे हुए शासन काल में महिलाओं पर अत्याचार नहीं होंगे। यहां महिलाएं सुरक्षित रहेगी। महिलाओं को यहां तेजाब या केमिकल से नहीं जलाया जाएगा, किसी युवती को गोली मारकर कुंए में नहीं फैका जाएगा।राजस्थान में महिलाओ को गारंटी देने आई प्रियंका वाड्रा को एक बार अपने मंत्री शांति धारीवाल से भी बात करनी चाहिए थी जो बलात्कार मामले बढने पर कहते हैं कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। उन्हें पहले अपनी ही विधायक दिव्या मदेरणा को सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए थी। उन्हें कांग्रेस पार्टी की सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा के सवाल का जवाब देना था कि प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इन सबके बाद वे यहां आकर महिलाओं को गारंटी की बात करती तो बेहतर होता।उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने 500 रूपए में गैस सिलेण्डर योजना का दायरा बढाने की भी बात कही है लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि उज्जवला योजना के तहत राज्य सरकार जो 500 रूपए में गैस सिलेण्डर दे रही है उसमें केन्द्र सरकार की सब्सिडी 400 रूपए हैं और राज्य सरकार की सब्सिडी मात्र 100 रूपए ही है। महिला आरक्षण की बात करने वाली प्रियंका वाड्रा को बताना चाहिए था कि अब तक उनके शासन में यह कानून लागू क्यों नहीं किया गया।



## महिला अत्याचार पर एक शब्द नहीं बोली प्रियंका वाड्राः अल्का गुर्जर

### किसान कर्जमाफी पर राहुल गांधी जैसे झूठ की गारंटी दे गई प्रियंका वाड्रा

(चमकता राजस्थान)

### महिला सुरक्षा की भी कोई गारंटी देती तो आबादी को मिलती राहतः

जयपुर, !(खलील कुरैशी)25 अक्टूबर 2023। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा के झुंझुनूं में आयोजित सभा के दौरान राज्य की महिलाओं को 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष दिए जाने की गारंटी पर कहा है कि इससे पहले पिछले चुनाव में उनके भाई राहुल गांधी राज्य के किसानों को 10 दिनों में कर्ज माफ किए जाने का वादा कर गए थे जो अब तक अधूरा है और कर्जमाफी के इंतजार में 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि अपने पूरे भाषण में प्रियंका वाड्रा ने राजस्थान में महिला अत्याचार पर एक बार भी बात नहीं की जबकि उन्हें सबसे पहले यहां पर महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए थी। यहां एक 14 वर्षीय बालिका को गैंगरेप के बाद जिंदा ही भट्टी में जला दिया जाता है उस समय प्रियंका गांधी को यहां आकर देखना चाहिए था लेकिन वे नदारद रही।राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं पर बढते अत्याचार और महिला अत्याचार ने राजस्थान को देश में नंबर वन पर लाकर खडा कर दिया है। इसमें भी दलित महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ रही है। यदि प्रियंका वाड्रा राजस्थान आकर अपने मुख्यमंत्री से महिला अत्याचार पर सवाल करती तो ज्यादा अच्छा होता। प्रियंका वाड्रा यदि कोई गारंटी ही देना चाहती है तो राज्य की महिलाओं की इस बात की गारंटी दे कि कांग्रेस के गिनती के बचे हुए शासन काल में महिलाओं पर अत्याचार नहीं होंगे। यहां महिलाएं सुरक्षित रहेगी। महिलाओं को यहां तेजाब या केमिकल से नहीं जलाया जाएगा, किसी युवती को गोली मारकर कुंए में नहीं फैका जाएगा।राजस्थान में महिलाओ को गारंटी देने आई प्रियंका वाड्रा को एक बार अपने मंत्री शांति धारीवाल से भी बात करनी चाहिए थी जो बलात्कार मामले बढने पर कहते हैं कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। उन्हें पहले अपनी ही विधायक दिव्या मदेरणा को सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए थी। उन्हें कांग्रेस पार्टी की सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा के सवाल का जवाब देना था कि प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इन सबके बाद वे यहां आकर महिलाओं को गारंटी की बात करती तो बेहतर होता।उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने 500 रूपए में गैस सिलेण्डर योजना का दायरा बढाने की भी बात कही है लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि उज्जवला योजना के तहत राज्य सरकार जो 500 रूपए में गैस सिलेण्डर दे रही है उसमें केन्द्र सरकार की सब्सिडी 400 रूपए हैं और राज्य सरकार की सब्सिडी मात्र 100 रूपए ही है। महिला आरक्षण की बात करने वाली प्रियंका वाड्रा को बताना चाहिए था कि अब तक उनके शासन में यह कानून लागू क्यों नहीं किया गया।

## न्यूज अपडेट

### दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच दशानन का हुआ भव्य रावण दहन

- आदर्श नगर के दशहरा ग्राउंड पर विधिवत रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब
- नेताओं की पॉलिटिकल कैमिस्ट्री देख में लोगों ने दी एक ही प्रतिक्रिया ये सब एक हैं...





**जयपुर (खलील कुरैशी)।** दशहरा मेला आदर्श नगर में मंगलवार को रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं में जबरदस्त पॉलिटिकल कैमिस्ट्री नजर आई। रावण दहन के कार्यक्रम में शामिल होने जयपुर के कई दिग्गज पहुंचे थे। इनमें मालवीय नगर विधानसभा के विधायक और आने वाले चुनाव के लिए बीजेपी की घोषित प्रत्याशी कालीचरण सराफ, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, आदर्श नगर से पूर्व विधायक और इसी क्षेत्र से टिकटार्थी अशोक परनामी, वार्ड पार्षद स्वाति परनामी और जयपुर के दिग्गज कांग्रेसी राजीव अरोड़ा पहुंचे थे। सभी को एक कतार से बैठाया गया था। सभी नेता एक-दूसरे के साथ बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में नजर आए।

- **आदर्श नगर राम मंदिर के बाहर बनी दुकानों की छत पर लग गया राजनीतिक जमावड़ा'**

आदर्श नगर राममंदिर के बाहर बनी दुकानों की छत पर मंगलवार को पॉलिटिकल जमावड़ा नजर आया। यहां जयपुर के सबसे बड़े दशहरे मेले का रावण दहन होता है। पॉलिटिकटल पार्टियों में यहां के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होने का क्रेज रहता है। मंगलवार को मेला कमेटी ने जयपुर के दिग्गज पॉलिटिशियंस को बुलाया था। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में कालीचरण सराफ ने फेसबुक पर लिखा, ₹ श्री राम मंदिर प्रन्यास द्वारा दशहरा मैदान आदर्श नगर में आयोजित 63 वें विजयादशमी महोत्सव में शामिल हुआ एवं उपस्थित जन समुदाय को असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक ₹विजयदशमी महोत्सव₹ की शुभकामनाएं दी तथा सभी से आग्रह किया कि प्रभु श्री राम के आदर्श जीवन का अनुसरण करते हुए हम समाज में सदाचार एवं एकजुटता का भाव जागृत करें।₹ जबकि रफीक खान के सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा गया, ₹आदर्श नगर दशहरा मेले में विधायक रफीक खान ने किया रावण दहन₹ कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी,विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, पार्षद स्वाति परनामी, पूर्व पार्षद चंद्र भाटिया, देवेंद्र सिंह शंटी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।दशहरा मेला और रावण दहन का यह कार्यक्रम पॉलिटिकल कैमिस्ट्री के कई सीन क्रिएट कर रहा था। मालवीय नगर से प्रत्याशी कालीचरण सराफ और जयपुर सांसद रामचरण बोहरा एक दूसरे से लगातार बातचीत, हंसी ठिठोली और गुफ्तगूं करने नजर आए। अशोक परनामी किशनपोल विधायक अमीन कागजी के कंधे पर हाथ रखकर बैठक थे। विधायक रफीक खान के साथ सरदार अजय पाल सिंह बैठे थे। इस मेले की एक खूबसूरती यह है कि यहां जिस जगह रावण दहन होता है सड़क के उस तरफ का क्षेत्र नगर विधानसभा क्षेत्र में आता है और राम मंदिर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में है। ऐसे में यहां दोनों इलाकों की नेतागिरी चलती है।

## रावण दहन के दौरान सांडों ने मचाया उत्पात, कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने निकाला

गाजियाबाद/एजेंसी।



गाजियाबाद के मोदीनगर स्थित रामलीला मैदान में रावण के पुतले के पास सांडों ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस उन्हे ग्राउंड से बाहर ले जा पाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर के सरकार पर निशाना साधा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा है, प्रशासन का कार्य मेलों के लिए न केवल अनुमति देना, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था देखना भी होता है। यदि मेले में खुले घूमते हुए अन्ना पशु मेला प्रशासन और पुलिस को नहीं दिख रहे हैं, तो उन असामाजिक तत्वों से जनता की सुरक्षा कैसे होगी जो दिखते भी नहीं हैं। जनता की हिफाजत करना सरकारों का सबसे संवेदनशील कर्तव्य होता है। यह घटना मोदीनगर के गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित महर्षि इंटर कॉलेज के मैदान की है। मंगलवार शाम को रावण व कुंभकर्ण के दहन की तैयारी की जा रही थी। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। जहां रावण और कुंभकर्ण के पुतले खड़े किए गए थे।

भीड़ वहां से दस फीट की दूरी पर थी। बीती शाम साढ़े छह बजे के आसपास अचानक जिस स्थान पर पुतले रखे गए थे, वहां पर अचानक पांच सांड आ गए और उत्पात मचाने लगे और आपस में लडने लगे। इस दौरान मैदान में अफरा-तफरी मच गई।

## महुआ मोइत्रा ने निशिकांत दुबे पर फर्जी सर्टिफिकेट, एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया

कोलकाता/एजेंसी।





हाल ही में सामने आए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के बीच तनातनी जारी रही। महुआ ने दुबे पर फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र अपनाने और एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया। महुआ ने सवाल किया कि लगभग सात महीने पहले दुबे के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र अपनाने का आरोप लगाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई जांच क्यों शुरू नहीं की गई।

बीती देर शाम महुआ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक संदेश जारी किया, जिसमें कहा गया : कौन झूठ बोल रहा है? 2 दिन पहले फर्जी डिग्री वाले ने कहा था कि एनआईसी ने पहले ही जांच एजेंसी को 'दुबई' लॉगिन सहित विवरण दे दिया है। अब अश्विनी वैष्णव का कहना है कि एनआईसी जानकारी देगा भविष्य में यदि एलएस या एथिक्स कॉम द्वारा कहा गया तो भाजपा मुझ पर प्रहार करने के लिए स्वागत करती है, लेकिन अडानी+गोड्डा शायद सर्वोत्तम रणनीतिकार नहीं हैं! अपने संदेश में महुआ ने सीधे तौर पर नाम लिए बिना दुबे पर एक हवाई अड्डे के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का भी आरोप लगाया।

# सीआईडी की भीलवाड़ा में कार्रवाई : खाद्य तेल की फर्जी फैक्ट्री पर दबिश, प्रचलित कम्पनियों के मिलते जुलते नाम से पैकिंग करते दो डिटेन

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)25 अक्टूबर। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम की सूचना पर बुधवार को भीलवाड़ा जिले के भीमगंज थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। भीमगंज थाना पुलिस व खाद्य विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के तिलक नगर स्थित एसआर ट्रेडिंग कंपनी में छापा मार 700 लीटर सोयाबीन और सरसों का तेल एवं अन्य सामग्री बरामद कर दो फैक्ट्री संचालकों को डिटेन किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपी प्रचलित कंपनियां के मिलते-जुलते नाम से खाद्य तेल बोतल एवं टिन में पैकिंग कर सप्लाई किया करते हैं।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल गोपाल धाबाई और विजय सिंह को सूचना मिली थी कि भीमगंज थाना क्षेत्र में संचालित फैक्ट्री में खराब गुणवत्ता वाले खाद्य तेल प्रचलित कंपनियों के नाम से पैकिंग कर बेचा जा रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल रमेश, विजय सिंह व गोपाल धाबाई की टीम द्वारा फैक्ट्री पर नजर रख सूचना की पुष्टि की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि पुष्टि के बाद बुधवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से फैक्ट्री पर छापा मारा। मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। जहां से टीम ने 700 लीटर सोयाबीन व सरसों का तेल टिन, बोतलों व ड्रम से बरामद किया। इस कार्रवाई में 15 कंपनियों के रैपर व पैकिंग सामग्री, खाली बोतल, पॉम ऑयल, शीशियां, पैकिंग करने की मशीन इत्यादि जप्त की गई।


- **मिलते जुलते नाम से कर रहे थे पैकिंग**

» मौके से पुलिस ने आरोपी हितेश काबरा पुत्र सीताराम निवासी तिलक नगर थाना भीमगंज और शैलेंद्र कुमार उर्फ शेरू काबरा पुत्र कैलाश चंद्र निवासी थाना कोतवाली भीलवाड़ा को पकड़ा है। आरोपी 15 प्रचलित कम्पनी के मिलते जुलते नामो से पैकिंग कर बाजार में सप्लाई कर रहे थे। इसके साथ ही बिना लाइसेंस व ट्रेड मार्क के भी अशिक्षित वर्ग को खाद्य तेल विक्रय कर रहे थे।

- **हिस्ट्रीशीटर है फर्म का मालिक**

» फर्म का मालिक शैलेन्द्र कुमार उर्फ शेरू काबरा थाना भीमगंज का हिस्ट्रीशीटर है। अपने चचेरे भाई हितेश काबरा के साथ मिल हितेश के मकान के पड़ोस में गोदाम किराये लेकर लंबे समय से फैक्ट्री संचालन कर रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सैंपल लेकर जांच की जा रही एडीजी ने बताया कि इस कार्रवाई में कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका रही। हेड कांस्टेबल महावीर सिंह और कांस्टेबल रमेश टीम के सदस्य है। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत द्वारा किया गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग और भीमगंज थाना पुलिस का सहयोग रहा।









## एक नजर

### रावण दहन के साथ पोलपोल में दशहरा शांतिपूर्ण संपन्न



**मेदिनीनगर।** रावण के पुतला दहन के साथ पोलपोल में शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा संपन्न हो गया।श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ समिति के द्वारा पोलपोल बेसिक स्कूल के मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया। इसी के साथ 10 दिनों तक चलने वाला विजयादशमी का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी के अलावे सैकड़ों ग्रामीण जनता रावण के पुतला दहन के अवसर पर उपस्थित थे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि मानस यज्ञ में सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। तभी आज हम इतना बड़ा कार्यक्रम सफल बना पाए हैं। इस मौके पर शिव कुमार सिंह ,शशि कुमार सिंह ,लिलेश्वर सिंह ,सुशील सिंह, ललित कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडेय, संजय सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, उमेश प्रसाद,विवेक सिंह, सुनील सिंह, अखिलेश सिंह,उपेन्द्र सिंह,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### राम राज्याभिषेक के साथ मानस यज्ञ सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** श्री राम चरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का 46 वां अधिवेशन राम राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गया। मानस प्रसंग के अनुसार श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। मौके पर श्री राम जानकी की आरती उतारी गई ।मंगलाचरण और गीत संगीत के साथ राम राज्याभिषेक किया गया। सर्ब प्रथम आचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय व मानस ब्यास मधुरेश जी महाराज के द्वारा श्री राम के अलावा तीनों भाइयों की आरती उतारी गई।इसके बाद राजतिलक किया गया ।मौके पर अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि राम के गुणों से पूरी दुनिया सीख लेती है ।राम का मर्यादा अतुलनीय है ।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से ही अमन-चैन और क्षेत्र का खुशहाली संभव है। इससे आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बढ़ता है।उन्होंने कहा कि यज्ञ दो दिलो को जोड़ने का कार्य करता है।हमे धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के पदाधिकारी गण भी अभिषेक में शामिल हुए । इसी के साथ ही राजाराम राजाराम के गुणगान से क्षेत्र गूंज उठा। इस मौके पर समिति के ,उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, सचिव शशि कुमार सिंह ,महासचिव लिलेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद ,सुशील कुमार सिंह, ललित कुमार सिंह ,संतोष कुमार पांडेय,सुरेश राम , सुनील सिंह, अखिलेश सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, प्रयाग राम, अरविंद गुप्ता ,सरोज कुमार,संजय सिंह ,समेत दर्जनों लोगों ने राम राज्याभिषेक में शामिल हुए। इस अवसर पर यज्ञ मंडप को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था यज्ञ समिति के द्वारा राम राज्याभिषेक के मौके पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया।

### 6 वर्ष के आयुष की मौत से गांव में पसरा मातम

**मांझागढ़।** सोमवार की रात गोपालगंज जिला मुख्यालय स्थित एक पूजा पंडाल में भगदड़ मचने से हुई बच्चे की मौत से सनाह मठिया गांव में मातम छा गई है। वहीं मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मांझागढ थाना क्षेत्र के सनाह मठिया गांव के दिलीप कुमार राम की पत्नी श्रीमती देवी अपने पड़ोसियों के साथ अपनी तीन मासूम बच्चों के साथ गोपालगंज दुर्गा पूजा मेला देखने गई थी। दुर्गा पूजा मेला की दौरान नगर थाने के स्टेशन रोड़ स्थित एक पूजा पंडाल के पास अचानक भिड़ काफी बढ़ गई। भिड़ बढ़ने के कारण लोगों को चलने की जगह नहीं मिल रहा था।इस बीच उक्त महिला ने भिड़ के बीच बड़े पुत्र आयुष कुमार 6 वर्षीय को अपने एक पड़ोसी के हाथ में दे दी, तथा दो मासूम बच्चे को अपने साथ लेकर भिड़ से बाहर निकलने का प्रयास करने लगी।

# छात्र नेता, शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने पीटा : फर्जीवाड़े को लेकर प्रदर्शन



**निशिकांत राय, पटना।** बीपीएससी की तरफ से 1.70 लाख पदों के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। बीपीएसी कार्यालय के बाहर बुधवार को प्रदर्शन कर रहे छात्र नेता दिलीप कुमार समेत अभ्यर्थियों को पुलिस ने डंडे मारकर भगाया। अभ्यर्थियों ने रिजल्ट में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए उसमें सुधार की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि रिजल्ट में कई गड़बड़िया हैं। नियम बदलकर नियुक्ति दी जा रही है। बिना स्टेट टीईटी (एसटीईटी) पास ही किए नियुक्ति दिया जा रहा है। **सभी विषयों के कट ऑफ मॉर्क्स जारी होंगे**ः इधर, प्रदर्शन के बीच बीपीएससी के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जल्द ही सभी विषयों का कट ऑफ मॉर्क्स जारी किया जाएगा। उन्होंने यह भी लिखा है की जब हम टीआरई (टीचर रिक्रूटमेंट एग्जाम) जैसी बड़ी परीक्षा करा रहे हैं, तो अयोग्य लोगों को हटाने के लिए मल्टी लेयर फिल्टरिंग की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे लिखा है कि यही हो रहा है और इसीलिए सभी परिणाम सशर्त हैं। डॉक्यूमेंट जांच के दौरान जो सही नहीं पाए जाएंगे, उनका रिजल्ट रद्द किया जाएगा। इस फिल्टरिंग से उत्पन्न होने वाली कोई भी रिक्ति एक या अधिक पूरक परिणामों से भरी जाएगी। बहुत जल्द हम सभी टीआरई पेपरों में कट ऑफ मॉर्क्स घोषित करेंगे।

**एक कैंडिडेट के लिए एक रिजल्ट की थी बात**ः प्रदर्शन कर रहे हैं अभ्यर्थी अतुल कुमार ने कहा कि जब विज्ञापन जारी किया गया था, उसमें लिखा हुआ है कि किसी एक पद के लिए एक अभ्यर्थी का ही रिजल्ट जारी किया जाएगा। ऐसे हजारों की संख्या में अभ्यर्थी हैं, जिनका रिजल्ट माध्यमिक 9 से 10 और उच्च माध्यमिक (11-12) में दोनों में जारी कर दिया गया है। हम लोगों की मूल रूप से एक ही मांग है कि विज्ञापन में जो भी बातें लिखी गई हैं। उसका पालन किया जाए और एक कैंडिडेट के लिए एक ही रिजल्ट जारी किया जाए। रोहित कुमार ने बताया कि मैं कंप्यूटर साइंस का विद्यार्थी हूं। कंप्यूटर साइंस के रिजल्ट में बहुत फर्जीवाड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी अध्यक्ष ने कहा था कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान अगर किसी ने गलत डॉक्यूमेंट दिया तो उन्हें कड़े परिणाम भुगतने होंगे। लेकिन अब जब गलत रिजल्ट जारी किया गया है, तब वो वो चुप हैं। सरकार अब 2 नवंबर को नियुक्ति पत्र बांटने जा रही है। इसको लेकर छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि सरकार अपना का करे। लेकिन बिहार के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करे। उन्होंने यह सवाल उठाया है कि जो अभ्यर्थी एसटीईटी पास ही नहीं था। उसने फॉर्म कैसे भरा। फॉर्म अगर भर भी दिया तो परीक्षा में पास कैसे हो गया।

## श्रीकृष्ण सिंह की जयंती 28 को



**महाराजगंज।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की 136 वीं जयंती महाराजगंज में 28 अक्टूबर को मनायी जायेगी। जिसमे बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। प्रेस से बात करते हुए महाराजगंज के बीजेपी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि श्री बाबू ने प्रथम मुख्यमंत्री रहते हुए बिहार को एक मजबूत राज्य बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया। जिसके कारण आज बिहार विकसित हो सका। सांसद ने बताया कि उन्होंने प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में बिहार उधोग धंधा लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी जयंती से युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व के बारे में जानकारी मिलेगी। इस मौके पर भाजपा नेता अवधेश पांडेय, शशि भूषण सिंह,डॉ मनोहर सौरभ,संजय सिंह राजपूत,सुप्रिया कुमारी, त्रिपुरारी सिंह एव अजय सिंह शामिल थे ।

### असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : मुखिया

**मेदिनीनगर।** दशहरा ,दुर्गा पूजा हिंदू धर्म में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने कही ।वे पोलपोल के शिवबेल में आयोजित श्री राम कथा प्रवचन के दौरान विदाई समारोह में बोल रही थी। उन्होंने समिति के लोगों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा ने पापियों का संहार कर सभी का उद्धार किया था। मन में बैठे पाप को अंत होने पर ही सही विकास होगा। कहा कि धार्मिक आयोजनों से ही अमन-चैन और क्षेत्र की खुशहाली संभव है। इससे आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बढ़ता है।उन्होंने दशहरा के सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। क्षेत्र की जनता ने मुझे जिस उम्मीद उत्साह के साथ एक आदिवासी महिला को मुखिया बनाया है मैं उनके अरमान को टूटने नही दूंगी। इस मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि दशहरा आपसी समरसता का प्रतीक है।दशहरा अधर्म पर धर्म के जीत का प्रतीक है। इस मौके पर समेत दर्जनों लोग शामिल थे। अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय, बुराई पर अच्छाई की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया क्षमा की विजय, अज्ञान पर ज्ञान की विजय का त्योंहार है।उन्होंने दशहरा शांति पूर्ण संपन्न होने पर क्षेत्र वासियों को बधाई दी।

# जनता का काम सुगम और पारदर्शी होगा : एसडीओ

- **सबका सहयोग मिला, पलामू का मीडिया काफी पॉजिटिव है : राजेश साह**
- **एसडीओ अनुराग का स्वागत, राजेश साह की हुई विदाई**



**मेदिनीनगर।** लगभग पौने तीन वर्षों के बाद पलामू में अपनी एक अमित छाप छोड़ चुके मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह की आज विदाई हुई। माहौल काफी भावुक था। क्योंकि राजेश साह जैसा अफसर बहुत ही कम मिलते हैं। किसी भी जनता से जनता के रूप में मिलकर उनकी समस्याओं का निदान करते थे। उनके दरवाजे से कोई उनके कार्यकाल में निराश नहीं लौटा। इस अवसर पर आयोजित नए एसडीओ अनुराग तिवारी के स्वागत और निवर्तमान एसडीओ के विदाई समारोह तथा सम्मान समारोह के अवसर पर काफी संख्या में गण्यामान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुमंडल के कर्मचारी और पदाधिकारी ने कहा कि राजेश साह ऐसे पदाधिकारी थे जिन्होंने कभी अफसर साही नहीं दिखाई। उन्होंने एक आम व्यक्ति की तरह व्यवहार कर सबों का दिल जीता। उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा। जिसके लिए उन्हें हम सभी और पलामू वासी सदा याद रखेंगे। **पलामू के लोग काफी अच्छे हैं, सहयोग मिला, मीडिया जगत काफी पॉजिटिव है : राजेश शाह**- इस अवसर पर संबोधन करते हुए निर्वतमान एसडीओ राजेश साह ने कहा कि पलामू के लोग काफी अच्छे हैं और खासकर मीडिया की उन्होंने प्रशंसा किया कि पलामू का मीडिया जगत काफी पॉजिटिव सकारात्मक है। हर जगह सबों का साथ मिला। इसके लिए सबों का धन्यवाद। मैंने आज तक जो कुछ भी किया सबको सहयोग से किया। कार्यकाल कैसे समाप्त हुआ मुझे सबों को प्यार और सहयोग से पता ही नहीं चला। जनता का काम सम और पारदर्शी होगा : अनुराग तिवारी अपना पदभार ग्रहण करते हुए नए एसडीओ अनुराग तिवारी ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता और सोच यही है कि उनके अनुमंडल कार्य क्षेत्र में जनता का काम सुगम तरीके से और पारदर्शी हो। इसके लिए उन्हें मीडिया बंधुओं और खासकर अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है। जिस तरीका से पूर्व के एसडीओ का सभी लोगों ने सहयोग किया वह अपेक्षा करते हैं कि सबों का साथ इस तरह उन्हें भी मिलेगा। वे एक पारदर्शी अनुमंडल कार्यालय पलामू जिला में पेश करेंगे। यह पद जनता के लिए है। जनता के काम आएगा और जनता के लिए समर्पित है। ऐसा विश्वास नए एसडीओ अनुराग तिवारी ने दिखाया है। कर्मचारी और पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि राजेश कुमार शाह में प्रबंधन गुण,अच्छा इंसान अभी कर्मचारियों से व्यवहार पौने तीन साल कार्यकाल सुखद भविष्य का कामना किया। सर सुलझे हुए इंसान हैं। नए एसडीओ अनुराग तिवारी के स्वागत और नीरवर्तमान एसडीओ राजेश साह के विदाई व सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पड़वा सीईओ,आर्म्स मजिस्ट्रेट रेशमी मैडम,चैनपुर सीईओ संजय बखला, बड़ा बाबू सूरज जी, कर्मचारी नेता विवेका शुक्ला, सूरज कुमार, जिला कानूनगो गोपाल सिंह, कार्यक्रम का संचालन सदर एसडीओ के लिपिक आशुतोष तिवारी ने किया।

### नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की विदाई



**मांझागढ़।** मांझागढ़ प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में विराजमान मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई। विदित हो कि प्रखंड के मांझा बाजार, पुरानी बाजार, तुफान मोड़,कोइनी गांव में स्थापित शक्ति की देवी मां दुर्गा की नौ दिवसीय पूजा कार्यक्रम के बाद बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद मां दुर्गा की नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई के दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर मन्नतें मांगी तथा सुख समृद्धि की कामना किया। विसर्जन के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा को मांझा बाजार, कणपुरा, वृटिटोला, पुरानी बाजार घुमाते हुए पुरानी बाजार के पोखरा में विसर्जित किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हाथी घोड़े एवं बैंड बाजा के साथ किया गया। पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मूर्ति का विसर्जन किया गया।इस मौके पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## नारी ही नारायणी, नीतीश सरकार में मिल रहा है सम्मानः राजीव रंजन




**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता श्री राजीव रंजन महानवमी के अवसर पर जदयू नेता शंकर प्रसाद व पूर्व उप महापौर प्रत्याशी सीमा पटेल आदि के साथ कंकड़बाग में आयोजित कन्या पूजन में शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने देवीस्वरूप में उपस्थित 21 कन्याओं को भोजन करवाया तथा उनका पूजन कर बिहार की सुख, समृद्धि व शांति का आशीर्वाद माँगा. इस अवसर पर जदयू नेता अरुण कु सिन्हा, दीपक पटेल समेत दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जदयू महासचिव ने कहा कि नारी किसी भी समाज की रीढ़ होती है. शास्त्रों में उन्हें नारायणी की संज्ञा दी गयी है. कहा गया है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहीं देवता भी निवास करते हैं. इसलिए देश व समाज को आगे बढ़ाने के लिए लड़कियों को आगे बढ़ाना बेहद जरूरी है. नीतीश सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए नीतीश सरकार ने जो क्रांतिकारी कदम उठाये हैं वह पूरे देश के लिए अनुकरणीय है. अन्य दलों की तरह मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के लिए नारी सम्मान सिर्फ कहने की बात नहीं बल्कि सबसे प्राथमिकता वाला काम है. उन्होंने कहा कि यह श्री नीतीश सरकार की ही देन है कि पहले जहां लड़कियां घरों से बाहर नहीं निकलती थी वह आज हर जगह झंडे गाड़ रही है. उनके द्वारा शुरू की गयी साइकिल व पोशाक योजना लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में गेम चेंजर योजना साबित हो चुकी है. इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है और आज स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो चुकी है. जदयू प्रवक्ता ने बताया कि लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए कर दिया गया है. ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है. उन्होंने कहा कि इसी सरकार ने महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50ः आरक्षण दिया. नीतीश सरकार ने ही महिलाओं को पुलिस विभाग की नौकरियों में 35ः आरक्षण देने का काम किया, जिसके परिणाम स्वरूप आज राज्य में 29,175 महिलाएं पुलिस विभाग में काम कर रही हैं. गौरतलब हो कि यह संख्या देश के किसी भी राज्य से ज्यादा है. आज नीतीश सरकार की ही देखा देखी केंद्र सरकार भी महिलाओं को लोकसभा में आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर चुकी है.

## अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर रासलीला कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के नौवे दिन सोमवार की रात्रि महा रामनवमी के अवसर पर रासलीला कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सहायक दंडाधिकारी पलामू सह हरिहरगंज बीडीओ रवि कुमार, हरिहरगंज सीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदीया, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर हरिहरगंज नवयुवक सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने अतिथियों को फूल माला तथा अंग वस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने कहा कि माता दुर्गा की आराधना से शहर गांव समाज में सुख शांति व समृद्धि आती है, प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर विद्या ने अपने संबोधन में कहा कि सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। सहायक दंडाधिकारी पलामू सह प्रभारी बीडीओ रवि कुमार ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समाज में एकजुटता का परिचय देता है। पूजा से क्षेत्र में वातावरण शुद्ध होता है। अतिथियों ने इस तरह के आयोजन के लिए नवयुवक संस्कृति समिति के सदस्यों की प्रशंसा की। रासलीला कार्यक्रम के दौरान वृंदावन से आए हुए कलाकारों ने कई मनमोहक झांकियां निकाली, जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। मंच का सफल संचालन कमेटी के व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता ने किया। दशहरा पूजा के दिन मंगलवार को शाम 7 बजे रावण पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया। मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, सचिव संजय कुमार, सांस्कृतिक मंत्री बिनु जायसवाल, अरुण स्वर्णकार,विकास विश्वकर्मा, करण राजवीर,रामजी सिंह, बंटी कुमार, गोपाल प्रसाद, रिंकू शौंडीक, के अलावे दिलीप चौधरी ,संतोष प्रजापति, बबलू कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नवरात्र के समापन पर दुर्गा स्वरूपा नौ कन्याओं को पूजन कर उन्हें भोजन के साथ पौधा पानी देते हुए कहा

- **नवरात्र में सुख शांति के लिए पूजा अर्चना के साथ पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए करें पौधरोपण : कौशल,पूनम व अमित**
- **नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने एवं पर्व त्योहारों पर पौधरोपण का अलग ही है महत्व : मुखिया पूनम**



**मेदिनीनगर।** जिले के मेदिनीनगर बाईपास रोड आबाद गंज स्थित पर्यावरण भवन में चल रहे नवरात्र एवं प्रकृति कलश यात्रा के समापन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल , कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, और जन्मभूमि छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार में सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, अल्पना देवी व पूर्णिमा कुमारी ने कन्याओं को भोजन पूजन करने के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच पौधा पानी वितरित किया। पर्यावरणविद ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए वे नवरात्र के दौरान लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण किया। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि भारत धर्म प्रधान देश है। यहां धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है और अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुआ धन से तत्काल लाभ तो दिखता है लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मों के साथ दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। ताकि समाज में लोगों के बीच आपसी सद्भाव के साथ संतुलन बना रहे। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन प्रदान करते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। प्रकृति कलश यात्रा के अंतिम दिन अपने आवास पर्यावरण भवन में कन्याओं को भोजन पानी के साथ चंदन का पौधा पानी व द्रव्य देकर उन्हें ससम्मान विदाई किया गया। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में शंभू मिश्र, सुमित जायसवाल, रॉकी कुमार, अमन कुमार, महेंद्र सिंह, रामप्रवेश, मोती यादव, पिंकी सिंह, आराध्या कुमारी, अशिविका कुमारी, आद्रिका कुमार, अनुषा कुमारी,रामू कुमार, छोटू कुमार के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।

## संजय ठाकुर बनाये गये जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता

**पटना।** प्रखर समाजवादी चिंतक, वरिष्ठ पत्रकार और जन सुराजी संजय कुमार ठाकुर को जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार प्रदेश जन सुराज का मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाया है। इसके पूर्व श्री ठाकुर पूर्वी चंपारण जिला के मुख्य प्रवक्ता के रूप में जन सुराज को अपनी सेवाएं दे रहे थे। ज्ञात हो कि श्री ठाकुर के दादा वंशीधर ठाकुर, पिता श्याम सुंदर ठाकुर एवं माता उषा देवी जिले के लब्धप्रतिष्ठ स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे जिन्होंने जीवन पर्यन्त समाज को जागरूक करने और सद्भाव बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विधि स्नातक उत्तीर्ण श्री ठाकुर वर्ष 1982 ईस्वी से ही पत्रकारिता से जुड़े और तभी से पत्रकारिता को समाज सेवा का सशक्त माध्यम बनाया। रांची एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र टाइम्स, आज, हिन्दुस्तान और राष्ट्रीय सहारा हिन्दी दैनिकों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं तथा अपनी धारदार लेखिनी से जिले के दबे-कुचले,शोषितों - पीड़ितों की आवाज बनते रहे हैं। पूर्वी चंपारण जिले में वर्ष 1991 से जिला पत्रकार यूनियन के लगातार अभी तक अध्यक्ष के रूप में सक्रिय श्री ठाकुर पत्रकारों को संगठित कर उन्हें ताकतवर बनाने और बुलंद आवाज देने के लिए विख्यात है। श्री ठाकुर की सांगठनिक क्षमता, संघर्षशीलता और निर्भीकता अविस्मरणीय है। बिहार की जन विरोधी सत्ता को परिवर्तित कर व्यवस्था बदलने तथा समस्या ग्रस्त बिहारियों के कल्याण और खोया सम्मान वापस लाने के प्रशांत किशोर जी की सोंच और उनके पदयात्रा अभियान से प्रभावित होकर श्री ठाकुर ने अपना संपूर्ण शेष जीवन जन सुराज को समर्पित करते हुए पदयात्रा में शामिल हो प्रशांत किशोर जी से कदमताल मिलाते चलते रहे हैं। इस दौरान उन्हें सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज के समर्थित उम्मीदवार अफाक अहमद की जीत के लिए पूर्वी चंपारण का चुनाव अभियान प्रभारी बनाया गया।

# व्यक्तित्व के अनुसार चुनें रंग



- अगर आप मोटे हैं तो गाढ़े रंग पहनिए जो ऊपर से नीचे तक एक ही रंग के हों। इससे आपको देखने वाले का ध्यान आपके मोटापे की ओर न जाकर आपकी लंबाई पर जाएगा।
- अगर आप आधिक लंबी हैं तो पोलका डॉट प्रिंट का चयन करते समय ध्यान दें कि उनका बैकग्राउण्ड हल्के रंग का हो। अगर आप लंबी व पतली दिखना चाहती हैं तो छोटे व हल्के रंग के डॉटस हों पर बैकग्राउण्ड गहरे रंग का हो।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप जिस भी आउटफिट का चयन कर रही हैं, वह कंट्रास्ट न होते हुए एक ही रंग का होना चाहिए जिससे आप देखने वाले को लंबी नजर आएंगी।
- आप शार्ट-स्कर्ट पहनना पसंद करता हैं पर आपकी टांगें बहुक पतली हैं तो यहां भी रंग आपकी मदद कर सकते हैं। एक तो आप अपनी टांगों को सही आकार में दिखाने के लिए हल्के रंग का लेगिंग्स पहनिए और समानान्तर स्ट्राइप्स आपकी टांगों को सही आकार की दिखने में मदद करेगी।

# जब सर्दी ये सताये त्वचा रूखी हो जाए

सर्दियों के मौसम में रूखी, चुभती सर्द हवाओं से शरीर की कांति फीकी पड़ जाती है। ऐसे में कुछ आसान से नुस्खे अपना कर आप अपने त्वचा की सार-संभाल कर सकती हैं और तन को खिला-खिला रख सकती है।

- तीन-चार बादाम नित्य सेवन करने से होंठ नहीं फटते तथा होंठ गुलाबी बने रहते हैं।
- इस मौसम में उंगलियों में सूजन आ जाने पर 4 चम्मच सरसों के तेल में एक चम्मच बारीक पिसा हुआ सेंधा नमक मिलाकर गर्म करें तथा रात को इसे उंगलियों पर लगाकर मोजे पहनकर सोएं, आराम मिलेगा।
- सर्द हवाओं से त्वचा को बचाने के लिए दो चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं। कुछ देर धूप में बैठकर साफ पानी से स्नान कर लें।
- बदन का रंग निखारने के लिए दो छोटे चम्मच नींबू का रस और चार छोटे चम्मच दूध मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद हल्के गरम पानी से स्नान करें।
- संतरे के छिलके गोदकर गरम पानी में डाल दें। इसको रातभर पड़े रहने दें। सुबह इस पानी से चेहरा साफ करें। इससे आपकी त्वचा में जबरदस्त निखार आएगा। और त्वचा खिली-खिली हो जाएगी।
- नींबू का रस हल्के गरम पानी में मिलाकर स्नान करें। त्वचा को ताजगी मिलेगी।
- सर्द मौसम में त्वचा का रूखापन दूर करने के लिए सरसों के तेल में टमाटर व नींबू का रस बराबर मात्रा धूप में बैठें, फिर स्नान कर लें।
- शीत के प्रकोप में उबले पालक के पानी को ठंडा कर चेहरा धोने से नई ताजगी मिलेगी साथ ही चेहरा खिला-खिला बना रहेगा।
- चेहरे का सांवलापन दूर करने के लिए एक चम्मक कच्चे दूध में एक ग्राम हल्दी मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें। कुछ देर बाद चेहरे को हल्के गरम पानी से धोएं। शीत में यह प्रयोग हफ्ते में 4 बार करने से सांवलापन दूर होने लगता है।
- तेलीय त्वचा में निखार लाने व त्वचा को कोमल बनाने के लिए 4 छोटे चम्मच खीरे के रस, 2 चम्मच कच्चा दूध व 2 चम्मच गुलाब जल मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इससे मालिश कर कुनकुने पानी से स्नान करें।
- मुरझाई त्वचा के लिए एक बर्तन में नारंगी के सूखे छिलके डालकर गरम पानी मिलाएं व ढककर रख दें। जब पानी कुछ ठंडा हो जाए तो छानकर शीशी में भरें। रोज सुबह इस पानी की मालिश पूरे बदन पर करें। चंद दिनों में ही मुरझाई त्वचा ताजे गुलाब की तरह खिलकर महक उठेगी।

# खूबसूरती के घरेलू टिप्स



### डैंड्रफ के लिए पैक

मुल्तानी मिट्टी के घोल में दही, नींबू का रस व अंडे का पीला भाग मिला कर लगभग पच्चीस मिनट तक बालों में लगा रहने दें, फिर शैंपू कर लें।

### झड़ते बालों के लिए

बाल यदि तीव्र गति से झड़ रहे हों तो मुल्तानी मिट्टी में दही, टमाटर व नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें और लगभग बीस मिनट तक बालों में लगा रहने दें, और फिर त्वचा को धो ले, इस पैक का प्रयोग बालों के झड़ने की समस्या का समाधान ही नहीं करता बल्कि बालों को पोषणता भी प्रदान करता है।

### त्वचा के कालेपन के लिए

चेहरे की त्वचा में यदि कालापन हो तो उसकी समस्या के समाधान करने के लिए मुल्तानी मिट्टी में चन्दन पाउडर मिलाकर उसका पेस्ट तैयार कर लें इस पैक को त्वता पर सूखने तक लगाये।

### त्वचा में कसाव लाने के लिए

एक मसले हुए केले में दो चम्मच शहद अच्छी तरह मिक्स कर लें, उपरोक्त मिश्रण को पैक की भांति त्वचा पर लगभग बीस मिनट तक लगाते रहें। इस पैक का प्रयोग त्वचा में कसाव लाकर त्वचा को आकर्षक बनाता है।

# दाल पकान



**सामग्री: दाल के लिए-**

आधा कटोरी भिगोई हुई चना दाल, 1 टेबलस्पून तेल, 1 टीस्पून नमक, 1 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून लालमिर्च पाउडर, चुटकीभर हींग, थोड़ी-सी इमली।

**पकान के लिए-**

100 ग्राम मैदा, नमक स्वादानुसार, आधा टेबलस्पून तेल व तलने के लिए तेल, मीठी चटनी, हरी चटनी, 2 टेबलस्पून बारीक कटी प्याज, 1 टेबलस्पून हरी धनिया।

**विधि:**

मैदे में नमक और आधा टेबलस्पून तेल मिलाकर सख्त आटा गूंध लें और छोटी-छोटी पूरियां बेलकर सुनहरा होने तक तल लें। (आप चाहें तो मार्केट से रेडीमेड पूरियां भी ले सकती हैं)।

एक पैन में तेल गर्म करें। हींग, चना दाल और दाल वाली सभी सामग्रियां मिलाकर पांच मिनट तक या दाल पकने तक पकाएं।

एक डिश में पूरियां रखें, हर पूरी पर थोड़ी-थोड़ी दाल डालें। हरी-मीठी चटनी, प्याज और हरी धनिया डालकर सर्व करें।

# सावधानी से लगाएं बिंदिया

- स्टिकर बिंदी हमेशा लगा कर न रखें। इससे त्वचा को नुक्सान पहुंत सकता है।
- सफर में जाने से कुछ समय पहले ही बिंदी लगाएं।
- नीचे गिरी या कई बार प्रयोग में लायी गयी तथा किसी दूसरे द्वारा प्रयोग में लायी गई बिंदी का इस्तेमाल कभी न करें। इससे संक्रमण होने का भय बना रहता है।
- अच्छी कंपनी की एवं हरेक बार नई बिंदी का ही इस्तेमाल करें।
- बिंदी जिस जगह पर लगायी जाती है उस जगह को साफ करने के बाद कच्चा दूध, मलाई, कोल्ड क्रीम या स्किन आयल जरूर लगाएं।
- अगर बिंदी लगाने के बाद बिंदी लगाने वाली जगह पर खुजली हो तो कुछ दिनों के लिए बिंदी लगाना बंद कर दीजिए।
- किसी की मृत्यु आदि गमी के मौके पर आप जा रही हों तो इसका ध्यान अवश्य रखिए कि बिंदी लाल रंग की न हो। इस अवसर पर आप काली बिंदी लगाकर जा सकती है।



# मोटापे का करें प्राकृतिक उपचार



जब भी भूख लगे, फलाहार या रस आहार ही करें। क्षार युक्त व हल्का भोजन ही लें। सुबह उठते ही आधा लीटर पानी का उषापान करके ही शौच जायें। इसके लिए तांबे के लोटे का जल सर्वोत्तम माना जाता है। सुबह शाम नित्य खुली हवा में शक्ति अनुसार तेज चलकर टहलें।



**मोटापे** का अर्थ है शरीर में अनावश्यक चर्बी का बढ़ना। महानगरों से लेकर ग्रामीण आंचलों तक यह समस्या आम हो गई है। शरीर के लिए मांस (चर्बी) आवश्यक है क्योंकि इसके बिना हमारा चलना-फिरना, काम करना असंभव है लेकिन आवश्यकता से ज्यादा या कम चर्बी भी एक रोग है। शरीर के वजन में असंभावित ढंग से बढ़ौतरी या चर्बी का बढ़ना ही मोटापा है। इसके कारण शरीर कुरूप एवं बेडौल हो जाता है। पुरूषों की अपेक्षा यह रोग महिलाओं में ज्यादा होता है। मोटापे के कारण हृदय पर दबाव सा बना रहता है, श्वास की गति बढ़ जाती है, शरीर में आलस्य व कार्यक्षमता की कमी हो जाती है। मोटापे के कारण वायु विकार, कब्ज विकार , उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, जोड़ों का दर्द आदि रोग पनपने लगते हैं।

मोटापा थायरायड या पिच्यूटरी ग्रंथि में असंतुलन की वजह से ही ज्यादातर होता है। इसके अतिरिक्त गलत खान-पान, गलत रहन-सहन, जंक फूड, उचित व्यायाम की कमी, ज्यादातर बैठकर काम करना, जरूरत से ज्यादा विश्राम करना, चर्बीयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन जैसे कि-आलू, शकरकंदी, घी, मक्खन मैदे से बनी वस्तुएं आदि भी इसके प्रमुख कारणों में से हैं।

मोटापे का प्राकृतिक उपचार बहुत ही सस्ता एवं प्रामाणिक है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति को प्रात: गुनगुने पानी में शहद व नींबू डालकर लेना चाहिए, भोजन से पहले सलाद व ताजे मौसमी फल चबा-चबा कर खायें। सुपाच्य एवं उबला भोजन ही लें।

भोजन के बाद टहलें या वज्र आसन में बैठें। इसके अलावा त्रिफला के काढ़े में शहद मिलाकर निराहार लेने से मोटापा वृद्धि दूर हो जाती है। सोते समय गुनगुने जल में नींबू लेने से भी इस समस्या से बहुत जल्द राहत मिल जाती है।

जब भी भूख लगे, फलाहार या रस आहार ही करें। क्षार युक्त व हल्का भोजन ही लें। सुबह उठते ही आधा लीटर पानी का ऊषापान करके ही शौच जायें। इसके लिए तांबे के लोटे का जल सर्वोत्तम माना जाता है। सुबह शाम नित्य खुली हवा में शक्ति अनुसार तेज चलकर टहलें। हल्का व्यायाम करें तथा शरीर की मालिश करें। अधिक से अधिक पसीना बहायें। हफ्ते में एक दिन का उपवास अवश्य करें। इससे पाचन तंत्र को आराम मिल जायेगा तथा विषैले तत्व जल्द बाहर निकल जाएंगे।

सूर्यतप्त पीले जल की तीन खुराकें पचास-पचास ग्राम की रोजाना पीने से मोटापा जल्द दूर हो जाता है।

मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति को बिना भूख के तथा बार-बार खाना नहीं चाहिए। तला-भुना, ज्यादा मिर्च मसालेदार, ज्यादा चाय-कॉफी, चावल, आलू, शकरकंदी, नमक, चीनी की ज्यादा मात्रा से परहेज करना चाहिए।

मोटापे के यौगिक उपचार के लिए षट्कर्मों में कुंजल, कपालभाति, धौति, लघु शंख-प्रक्षालन(हफ्ते में एक बार) एनिमा बहुत ही लाभप्रद है।

सूक्ष्म व्यायाम नें श्वास-प्रश्वास का क्रियायें, उदर शक्ति विकासक, ग्रीवा शक्ति विकासक, पूर्ण भुजा शक्ति विकासक की क्रियायें बहुत ही फायदेमंद रहती हैं। आसनों में पहले हल्के आसन, फिर सभी तरह के जटिल आसन जैसे पेट के बल लेटकर करने वाले भुजंग आसन, धनुरासन, शलभासन, चक्रासन, पवनमुक्तासन, पश्चिमोत्तान आसन, ताड़ासन, हलासन और सूर्य नमस्कार महत्वपूर्ण हैं।


बन्धों में महाबन्ध का अभ्यास तथा प्राणायाम में भ्रस्त्रिका, सूर्यभेदी, नाड़ी शोधन तथा भ्रामरी लाभदायक हैं।

इस प्रकार इन प्राकृतिक एवं यौगिक उपचारों को अपनाकर हमेशा के लिए मोटापे से छुटकारा पा सकते हैं तथा इससे होने वाले रोगों से भी व्यक्ति बचा रहा सकता है।

# हेल्थ प्लस

व्यायाम करने के लिए एकांत स्थान का चुनाव करें। योगा के समय आरामदायक वस्त्र पहनना ही अच्छा रहेगा। व्यायाम के एक घंटे बाद ही नाश्ता करें....

## कामकाजी महिलाओं के लिए संजीवनी




**कामकाजी** महिला की व्यस्तता भरी दिनचर्या में से रोजाना केवल दस अथवा पन्द्रह मिनट व्यायाम या योग को देना बहुत होगा। व्यायाम महिलाओं को प्रसन्नता से जीना सिखाता है। बौद्धिक वर्ग के लोगों यथा जज, वकील, पत्राकार या दफ्तर में काम करने वाले व्यक्तियों को तो व्यायाम की विशेष जरूरत होती है। व्यायाम से तन और मन दोनों को फिट रखा जा सकता है जबकि तनाव, गुस्सा और चिंता शरीर को जलाते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर बनाते हैं।

आप अपने परिवार में पूरा दिन व्यस्त रहती हैं पर इसमें स्वयं को अनदेखा न करें। स्वयं के लिए भी रोजाना आधा घंटा निकालें। उस समय आप वही करें, जिसमें आपको आनंद आए, चाहे तो एरोबिक्स करें या जॉगिंग या पार्क में तेद कदमों से चहलकदमी करें अथवा योगासन करें। यदि कभी समय की कमी हो तो घर में काम करते-करते ही कुछ सरल से व्यायाम कर डालिए। सीढ़ियां उतरना-चढ़ना ही स्वयं में एक अच्छा व्यायाम है, अत: उसमें आलस्य न करें। काम-काम में आपका व्यायाम भी हो जाएगा। सुबह नंगे पांव पार्क की हरी-हरी घास में घूमना स्वास्थ्य की दृष्टि से हितकर होता है। ध्यान रखिए कि आपके पैर सीधे घास और मिट्टी से जुड़े होने चाहिए। इससे आपके मस्तिष्क को बल मिलेगा, रक्त प्रवाह शुद्ध होगा, आप खांसी, जुकाम से बची रहेंगी और ओस युक्त घास पर घूमने से आपके नेत्रों की ज्योति तो बढ़ेगी ही।


अपने शरीर को चुस्त और दिमाग को तनाव रहित करने के लिए 15 से 30 मिनट का समय पर्याप्त है। सुबह शौचादि से निवृत्त होकर व्यायाम करें चाहें तो व्यायाम से पहले नहा लें अथवा व्यायाम पूरे होने के आधे घंचे बाद नहाएं। व्यायाम के एत घंटे बाद ही नाश्ता करें। व्यायाम करने के लिए एकांत स्थान का चुनाव करें। आरामदायक वस्त्र पहनना ही अच्छा रहेगा। जमीन पर चटाई या हल्की दरी बिछा लें। पहले-पहले कठिन लगेगा लेकिन धीरे-धीरे आप व्यायाम करने का आनंद उठाने लगेंगी। व्यायाम का सही समय पर नियमित अभ्यास आपको सदैव तनावमुक्त रखेगा और साथ ही आप पाएंगी एक सुंदर और सुगठित काया।

सकारात्मक दृष्टिकोण जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, अत: कामकाजी स्त्रियां अपनी बंधी-बंधाई दिनचर्या से बोर न हो और न ही किसी प्रकार की नकारात्मक सोच पालें। सदैव जीवन के उज्जवल पक्ष को याद रखें। दुख भरे दिनों की अपेक्षा अच्छे दिनों को याद करें। संस्थान में यदि किसी प्रकार का तनाव हो भी जाए तो समझदारी से उससे निपटने का प्रयास करें। यदि किसी की सहायता की आवश्यकता हो तो हिचकिचाएं नहीं। किसी से सहायता लेने और सहायता करने से आपके संबंध सुदृढ़ होते हैं।

कभी काम की अधिकता से झुंझलाएं नहीं, अपितु एक-एक करके शांति से काम निपटा लें। आज का काम कल पर छोड़ने की अपेक्षा साथ के साथ काम निपटा लेने की आदत डालें, क्योंकि इससे आपका काम के प्रति उत्साह बना रहता है और काम सही समय पर समाप्त होने से तनाव होने का कोई कारण नहीं रहेगा।

सामान्यत: देखा गया है कि कामकाजी स्त्रियां सदैव तनावग्रस्त रहती हैं, जिससे उनका जीवन उत्साहहीन, नैराश्यपूर्ण बीतता है। कई बार तो अपनी संकीर्ण, अवसाद भरी सोच के कारण वह कई रोगों से ग्रस्त भी हो जाती हैं और यदि मन ही खुश न हो तो चेहरे पर प्रसन्नता कैसे आ सकती है। यदि आपके चेहरे पर बारह बजे रहते हैं तो आपको इस दायरे को तोड़ना होगा। आप सदैव खुश रहें और दूसरों को भी खुश रखने का प्रयास करें, इससे आपकी कई समस्याएं स्वत: दूर हो जाएंगी।

जब भी कुछ नीरस लगने लगे तो झट से कुछ नया करने की सोचें जैसे कि छोटी सी पार्टी अरेंज करें या पिकनिक पर चले जाएं। इससे जीवन की नीरसता और शुष्कता तो दूर होगी ही, साथ आपका तनाव भी भाग जाएगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929